
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी

वर्ष : 12 अंक : 74 लखनऊ, 09 मार्च, सोमवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

जॉन की फोर्स 3 में हर्षवर्धन राणे की



चिरैया सीरीज की .......

## खबर संक्षेप

### कमजोर पड़ रही भारत की वैश्विक मौजूदगी



मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध को लेकर केंद्र सरकार पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा इस संकट के बीच भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूदगी और भूमिका खत्म होती दिखाई दे रही है। राउत ने यह बात शिवसेना के मुखपत्र सामना के साप्ताहिक कॉलम 'रोकठोक' में लिखी।

### उत्तम नगर हत्याकांड आरोपी के घर गिराया



नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन तरुण की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने काफी तूल पकड़ लिया था और मामले ने सांप्रदायिक रंग भी ले लिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सि बीच रविवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया है।

### 28 करोड़ जनधन खाते महिलाओं के पास




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय सेवाओं तक पहुंच ने महिलाओं को असली आजादी तक पहुंचने में मदद की है। 'एक्स' पर लिख जनधन खाता और लखपति दीदी जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत कर रही हैं। देश में अब तक 57.71 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं।

### भागलपुर में 5 बच्चे डूबे 2 ने तैरकर बचाई जान



भागलपुर। बिहपुर प्रखंड के हरियो पंचायत अंतर्गत हरियो कोसी त्रिमुहान घाट के पास नदी स्नान करने के दौरान 5 बच्चे डूब गए। 2 बच्चे जैसे-तैसे पानी से निकलने में सफल रहे। वहीं 3बच्चों को नदी में स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाश जारी है। जिन बच्चों की पानी में तलाश की जा रही है, उसमें लक्ष्मण कुमार और नयन कुमार युवराज शामिल हैं।

### शाह का निजी सचिव बताकर की ठगी, अरेस्ट



मुंबई। यहां की पुलिस की क्राइम ब्रांच ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निजी सचिव बताकर लोगों को ठगने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 41 वर्षीय मोहम्मद तारिक पठान के रूप में हुई है, जो रत्नागिरी जिले के खेड़ का निवासी है। पुलिस ने उसे नवी मुंबई के वाशी स्थित एपीएमसी मार्केट के पास एक होटल से गिरफ्तार किया।

## प्रधानमंत्री ने 33,500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को सभी देख रहे

# दिल्ली का विकास एक शहर का विकास नहीं, यह देशभर की छवि को दिखा रहा

उन्होंने कहा दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है।

### मेट्रो फेस-4 के शुरू होने से दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किमी से बढ़ेगा



राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 33,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति जब भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के बारे में सोचता है तो अक्सर उसके मन में दिल्ली की तस्वीर आती है।

हम सब दिल्ली में विकास को नई गति देने के लिए यहां इकट्ठे हुए हैं। यहां मेट्रो के विस्तार से लेकर हजारों सरकारी कर्मचारियों के आवासों तक, देश की राजधानी में सुविधाओं का लगातार मजबूत विस्तार हो रहा है, एक नई मजबूती दी जा रही है। आप लोगों ने एक साल पहले जिस नई उम्मीद और संकल्प के साथ दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई थी, उसका परिणाम आज यहां दिख रहा है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस अविरत धारा के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ रहीं सुविधाएं

मेट्रो के विस्तार से हजारों लोगों को होगा फायदा



दिल्ली में मेट्रो प्रोजेक्ट का लोकार्पण करते पीएम मोदी

**दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान होगी**

उन्होंने कहा कि दिल्ली कुछ दिन पहले नमो भारत जैसी तेज ट्रेन के जरिए मेरठ से जुड़ी है। इससे दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान हो गई है। आज मेट्रो फेस-4 के शुरू होने के साथ दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किलोमीटर से भी आगे पहुंच गया है। दुनिया के बड़े-बड़े शहरों में भी मेट्रो का इतना बड़ा नेटवर्क नहीं है।

### मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया

पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया। इनमें लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल है। नई कनेक्टिविटी से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा, मजलिस पार्क समेत दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा।

### 3 नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के चरण 4 के अंतर्गत लगभग 16.10 किलोमीटर लंबे तीन नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी। ये 3नए कॉरिडोर हैं, आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ, एयरोसिटी से इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज। ये कॉरिडोर राष्ट्रीय राजधानी के कई अहम स्थानों को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे।

### दिल्ली के कई इलाकों को फायदा

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इनमें मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल हैं। नई कनेक्टिविटी से दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा, जिनमें बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क आदि शामिल हैं।

## सरोजिनी नगर में महिलाओं को दी जीपीआरए फ्लैट्स की चाबियां

पीएम मोदी ने रविवार को सरोजनी नगर में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) कॉलोनियों का दौरा किया और महिला लाभार्थियों को टाइप-5 के नए घरों की चाबियां सौंपी। इस अवसर पर पीएम मोदी ने श्रमजीवी महिलाओं के साथ संवाद भी किया। सरोजिनी नगर, नेताजी नगर, कस्तूरबा नगर और श्रीनिवासपुरी जैसे प्रमुख स्थानों पर जीपीआरए पुनर्विकास परियोजनाएं, कॉलोनियों के आधुनिकीकरण और सरकारी कर्मचारियों तथा प्रशासनिक कार्यालयों के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का हिस्सा हैं। पुनर्विकास योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए 9,350 से अधिक आधुनिक फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही लगभग 48 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान का निर्माण किया जाएगा, जिससे प्रशासनिक दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

### नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल से किया गया विकास

जीपीआरए प्लान के तहत 15,200 करोड़ की इन परियोजनाओं का पुनर्विकास एक नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल के माध्यम से किया गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि पुनर्विकास सरकारी खजाने पर बोझ डाले बिना किया जाए। इस मॉडल के तहत सरकार परियोजना क्षेत्र के एक सीमित हिस्से को वाणिज्यिक और आवासीय स्थान के लिए विकसित और मुद्रीकृत कर रही है, ताकि पूरी परियोजना का वित्तपोषण किया जा सके। इससे प्राप्त राजस्व का इस्तेमाल आधुनिक सरकारी आवास, संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के पुनर्विकास के लिए किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी पर बोला हमला

### आप-दा सरकार ने विकास का हर काम ठप किया



पीएम मोदी ने कहा कि करीब 10 वर्षों तक आप -दा सरकार ने यहां विकास का हर काम ठप रखा था। अब दिल्ली से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे बनने से अब लाखों गाड़ियों को शहर में आने की जरूरत नहीं पड़ती। हमारी सरकार यमुना जी की साफ-सफाई के लिए भी बड़े पैमाने पर काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम इस बात का भी प्रमाण है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस आपदा से मुक्ति पाई, वो कितनी जरूरी थी। यहां आपदा सरकार न होती तो ये मेट्रो फेज 4 प्रोजेक्ट बहुत पहले ही पूरा हो चुका होता।

सीएम नीतीश के पुत्र निशांत की सियासी पारी शुरू

## निशांत जदयू में शामिल, राज्य की करूंगा सेवा, पिताजी के विश्वास को कायम रखें

### जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार जनता दल यूनाईटेड में शामिल हो गए हैं। वीर चंद्र पटेल रोड स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार वहां मौजूद नहीं थे। निशांत ने कहा कि मैं जदयू के कार्यकर्ता, नेता और बिहार की जनता को नमन करता हूं। मैं एक कार्यकर्ता के रूप में मैं सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि बिहार और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें। निशांत ने वरिष्ठ नेताओं के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।

**'निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद'**



जेडीयू के कई कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी मुख्यालय और राज्य की राजधानी के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के पास बैनरों और पोस्टरों में भी यही बात दोहराई गई। एक पोस्टर में था विकसित बिहार के नए अध्याय की शुरुआत। एक में निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद।

**पिताजी के कार्य को आगे बढ़ाऊंगा**

निशांत ने कहा कि मेरे पिता ने बिहार की जनता के लिए जो काम किया है, उसे मैं आगे बढ़ाने का काम करूंगा। आप सब ने जो विश्वास किया, खड़ा उतरने की कोशिश करूंगा।

### कल से यात्रा पर निकलेंगे सीएम नीतीश

नीतीश की प्रस्तावित 'समृद्धि यात्रा' को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। वे 10 मार्च से कई जिलों के दौरे पर निकलेंगे और विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। 11 को वे अररिया और किशनगंज में ,12 को पूर्णिया और कटिहार तो 13 मार्च को वे सहरसा और खगड़िया में शामिल होंगे। अंतिम चरण में 14 मार्च को बेगूसराय और शेखपुरा जाएंगे।

## महिला दिवस: 'साड़ी वॉकथॉन 2026'



ठाणे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को 'साड़ी वॉकथॉन 2026' में महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने सशक्तिकरण और हथकरघा परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक साड़ियों में वॉक किया।

## राष्ट्रपति के साथ टीएमसी के टकराव पर भाजपा का हमला

# सिर्फ घुसपैठियों का स्वागत, अब संविधान खतरे में नहीं...

### बंगाल में राष्ट्रपति के साथ किया गया बर्ताव बेहद शर्मनाक

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए हालिया बयान पर उन्होंने निशाना साधा। रविशंकर ने कहा कि ममता बेनर्जी के शासन में बंगाल में घुसपैठियों का स्वागत किया जा रहा है। ममता संविधान के खतरे में होने की बात कर रही हैं, जबकि वे खुद राष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर पाईं। राष्ट्रपति के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद शर्मनाक है। भारत के इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति के साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। भाजपा नेता ने कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की पार्टी कड़ी निंदा करती है।

### ममता माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम



कोलकाता। पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने उत्तर 24 परगना जिला के नैहाटी विधानसभा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी बंगाल में राष्ट्रपति और राज्यपाल का विरोध करती हैं, तो घुसपैठियों व माफिया का स्वागत करती हैं। ममता राज्य की मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम हैं। बंगाल से टीएमसी को जाना चाहिए।

### शहजाद और भंडारी ने ममता की आलोचना की, सरमा ने भी कोसा



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और प्रदीप भंडारी ने भी टीएमसी के रवैये को शर्मनाक बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी ममता को कोसा।

### घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण, ममता ने प्रोटोकाल तोड़ा



बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने ममता को सीख देते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ ही आदिवासी समाज से भी आती हैं। ममता ने प्रोटोकाल का पालन नहीं किया।

पंजाब में बजट पेश

## महिलाओं को हर माह 1000 एससी को 1500 रुपए देंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पंजाब सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। मान सरकार ने बजट पेश किया। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने मावां-धीयां सत्कार योजना का ऐलान किया। 97 फीसदी महिलाओं को हर महीने हर महीने 1000 की राशि मिलेगी। एससी की महिलाओं को 500 रुपए अधिक देने का ऐलान किया है।

### पात्रता की शर्तें भी लगाईं

मावां-धीयां सत्कार योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला योजना के पंजीकरण के लिए पात्र होंगी। मौजूदा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, जैसे वृद्धावस्था पेंशन या विधवा/निराश्रित महिला पेंशन या विकलांगता पेंशन योजना के तहत पंजीकृत महिलाएं भी इस योजना के तहत पात्र होंगी। मौजूदा या पूर्व स्थायी सरकारी कर्मचारी, मौजूदा और पूर्व सांसद/विधायक और आयकर दाता अपात्र होंगे।

## वन माफियाओं के हौसले बुलंद, दिनदहाड़े हरे-भरे पेड़ों पर चला रहे आरा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में वन माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। क्षेत्र में आए दिन हरे-भरे पेड़ों पर आरा चलाकर उन्हें नष्ट किया जा रहा है। ताजा मामला बंथरा इलाके के कंजाखेड़ा और गुंदौली गांव का है, जहां रविवार को बेखौफ वन माफियाओं ने दिनदहाड़े तीन हरे पेड़ों को काटकर गिरा दिया। बंथरा के कंजाखेड़ा गांव में लकड़ी माफिया ने दो नीम के पेड़ों और गुंदौली गांव में एक आम के पेड़ पर आरा चलाकर उन्हें धराशायी कर दिया। पेड़ गिराने के बाद वन माफिया उनकी लकड़ी भी समेट कर मौके से फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि पूरी घटना दिन के समय हुई, लेकिन न तो वन विभाग को इसकी भनक लगी और न ही स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हरे पेड़ों की कटान हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। लोगों ने आशंका जताई है कि कहीं न कहीं वन माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है, तभी वे इतने बेखौफ होकर हरियाली पर आरा चला रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, जिससे कि क्षेत्र में हो रही अवैध कटान पर रोक लगाई जा सके।

### दुकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास, शोर मचाने पर पथराव कर भागे

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के हैवत मऊ मवैया में शनिवार देर रात बेखौफ बदमाशों ने एक मोबाइल स्टोर का तोड़कर चोरी का प्रयास किया, खट पट की आवाज होने पर लोगों ने शोर मचाया तो बदमाश पथराव करते हुए भाग निकले, पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। नागेन्द्र मिश्रा की हैवत मऊ मवैया राय बरेली रोड, कोतवाली क्षेत्र पीजीआई लखनऊ में पर न्यू वालाजी मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर के नाम से दुकान है। पीड़ित का कहना है कि बीते शनिवार रात करीब 1:45 पर बजे, तीन अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी करने की कोशिश की गई। दुकान के मालिक बी एन यादव के मुताबिक रात के समय तीन व्यक्ति दुकान के पास आए और शटर और ताले को तोड़ने की कोशिश करने लगे। उसी समय दुकान मालिक की नजर उन पर पड़ गई, उनके शोर मचाने पर पथराव करते हुए भाग निकले। जिसकी वजह से चोर दुकान के अंदर घुसकर चोरी नहीं कर पाए। यह पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गई है। इंस्पेक्टर पीजीआई का कहना था कि जांच पड़ताल कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा में 174 एकड़ पर बनेगा अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क

- 27 इंटीग्रेटेड क्लस्टर्स से 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार
- लॉजिस्टिक्स पार्क से यूपी में मजबूत होगी सप्लाई चेन, घटेगी ट्रांसपोर्ट लागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी लॉजिस्टिक्स हब बनाने और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। 'उत्तर प्रदेश मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) नीति-2024' के माध्यम से सरकार का लक्ष्य परिवहन लागत में भारी कटौती कर राज्य की औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है। वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी का लगभग 13-14% है, जिसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 7-8% तक लाने के लिए राज्य सरकार आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।

इसी रणनीति के तहत, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दो मेगा प्रोजेक्ट्स पर कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। ग्रेटर नोएडा के बोदाकी में 'इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप व लॉजिस्टिक्स हब' विकसित किया जा रहा है, जो सीधे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ेगा। इसके अतिरिक्त, दादरी में एक आधुनिक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का निर्माण हो रहा है, जो पश्चिमी भारत के प्रमुख बंदरगाहों तक माल की आवाजाही को निर्बाध बनाएगा। इसी क्रम में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) ने 174.12 एकड़ भूमि का एक विशाल लैंड पार्सल चिन्हित किया है, जिसे उ.प्र. मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क नीति-2024 के अंतर्गत विकसित किया जाएगा। नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 'इन्वेस्ट यूपी' को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। सरकार ने 1000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली वृहद परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है, जिसके अंतर्गत आवंटित भूमि पर 30 प्रतिशत की 'फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी' दी जाएगी।

## नगर निगम की महिला कर्मियों की प्रतिभा को मिला मंच

### प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक गतिविधियों में विजयी महिलाओं को सम्मान

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित झंडी वाला पार्क में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक गतिविधियों और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुषमा खर्कवाल उपस्थित रहीं।

इस विशेष अवसर पर विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें रस्साकसी, रंगोली प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, बैलून रेस, लेमन रेस, मेहंदी प्रतियोगिता और बिंदी प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन प्रतियोगिताओं में नगर निगम की महिला पार्षदगण, महिला जोनल अधिकारी, विद्यालयों की प्रिंसिपल, शिक्षिकाएं, एसएफआई, सुपरवाइजर, सफाई मित्र, छात्राएं तथा अन्य महिला कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला चैंपियन, सुपरवाइजर और सफाई मित्रों को भी सम्मानित किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन 1 से निधि, जोन 2 से शशिकला, जोन 3 से रुचि, जोन 4 से अनीता, जोन 5 से प्रीति यादव, जोन 6 से ज्योति, जोन 7 से माया तथा जोन 8 से शालिनी को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में एसएफआई रश्मि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा पारुल द्वितीय और शिक्षिका अंजली तृतीय स्थान पर रहीं। बैलून रेस में सेल्फ हेल्प ग्रुप की कुमकुम प्रथम, प्रिया द्वितीय और अंकिता तृतीय स्थान की विजेता बनीं। लेमन रेस में एसएफआई योगिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अभिलाषा द्वितीय और एसएफआई विजेता तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में जोन 3 की सविता प्रथम, जोन 5 की रौशनी द्वितीय और जोन 1 की रेनू तृतीय स्थान पर रहीं। बिंदी प्रतियोगिता में चिल्ड्रन पैलेस स्कूल की शिक्षिका श्रीमती सारिका सिंह को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भी अवलोकन किया और प्रतिभागियों से संवाद किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि महिलाओं की शक्ति, प्रतिभा और योगदान को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने नगर निगम की महिला अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नगर के विकास और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## घंटों बिजली कटौती, एक उपभोक्ता को भी नहीं मिल सका मुआवजा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। यूपीपीसीएल ने मुआवजा कानून को बीते तीन माह पहले जारी कर दिया लेकिन अभी तक किसी भी उपभोक्ता को इसका लाभ नही मिल सका है। ऐसे मुआवजा कानून से लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को भी जागरुक करने की जरुर है। मुआवजा कानून के तहत अण्डरग्राउन्ड केबिल ब्रकडाउन 100 रूपये प्रतिदिन, सब-स्टेशन का निर्माण बाधित होने की स्थिति में वोल्टेज कम होने पर 250 रूपये प्रतिदिन, नया कनेक्शन वितरण उपलब्धता पर 50 रूपये प्रतिदिन, मीटर रीडिंग के मामले रूपये 200 प्रतिदिन, डिफेक्टिव मीटर सामान्य फ्यूज ऑफ 50 रूपये प्रतिदिन, बिलिंग शिकायत-भार में कमी आधिक पर 50 रूपये प्रतिदिन, श्रेणी परिवर्तन पर 50 रूपये प्रतिदिन, ट्रांसफार्मर फेल ग्रामीण 150 रूपये प्रतिदिन, अस्थायी कनेक्शन का निर्गमन 100 रूपये प्रतिदिन, विद्युत आपूर्ति बढाने के लिए सबस्टेशन की स्थापना 500 रूपये प्रतिदिन, काल सेन्टर द्वारा रिस्पान्स न दिया जाना 50 रूपये प्रतिदिन, फर्जी अवशेषों को आगे ले जाना रूपये 100 प्रति चक्र, नया कनेक्शन-अतिरिक्त भार जहॉ आपूर्ति नेटवर्क विस्तार 250 रूपये प्रति दिन ओवरहेड लाइन-केबिल ब्रेकडाउन 100 रूपये प्रति दिन, उदाहरण के तौर पर जैसे 1 किलोवाट का उपभोक्ता यदि महीने में 100 रूपये प्रतिकिलोवाट फिक्स चार्ज देता है तो उसका पूरे साल का फिक्स चार्ज 1200 हुआ तो उसे अधिकतम एक वित्तीय वर्ष में 360 रूपये का मुआवजा ही मिलेगा।

**फर्जी मीटर रिडरो की संख्या बढ़ी :** बिजली उपभोक्ता के घर बिजली कर्मचारी बनकर बिजली बिल सही करने और मीटर धीमा करने के नाम पर लाखो की कमाई करने वालो की संख्या सौ दिन में बढ़कर सैकड़ो की संख्या में हो गयी। 20 फर्जी कर्मचारियों पर कार्रवाही भी किया गया। ऐसे में इस समस्या से निपटने के लिए विभाग के द्वारा सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र दिया जाना चाहिए जिससे उपभोक्ता सही और गलत की पहचान कर सके।

## लखनऊ दर्शन बस से महिलाओं ने की खुशियों की सैर

### डबल डेकर बस में 60 से अधिक महिलाओं ने किया शहर का भ्रमण

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महिलाओं के सम्मान में एक खास पहल की। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) की ओर से संचालित 'लखनऊ दर्शन' डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष सैर का आयोजन किया गया। इस विशेष यात्रा में 60 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया।

डॉक्टर, उद्यमी, प्राचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर से लेकर गृहणियों तक, समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं इस खास सफर का हिस्सा बनीं। 'नारी शक्ति' ने रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी से इतर लखनऊ को एक नए अंदाज में देखा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'यूपीएसटीडीसी की 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा अब सिर्फ पर्यटन तक सीमित नहीं रह गई है। यह धीरे-धीरे ऐसा मंच बनती जा रही है जहां पर्यटन के साथ समाज जुड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह पहल आधी आबादी को 'शक्ति, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण' का संदेश देती है। इस विशेष टूर के माध्यम से महिलाओं को उनके व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल सुकून के देने का प्रयास किया गया, जो प्रतिदिन समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।' अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लखनऊ में महिलाओं के लिए आयोजित 'लखनऊ दर्शन' यात्रा यादगार बन गई। रविवार सुबह 08:30 बजे बस रवाना हुई, जो दोपहर 12 बजे भ्रमण के पश्चात गंतव्य पर लौट आई। इस दौरान अलग-अलग आयु वर्ग की महिलाओं ने डबल डेकर बस की ऊपरी मंजिल से शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा।

विधानसभा जाना और मुख्य सदन को देखना उनके लिए अविस्मरणीय रहा। रेजीडेंसी सहित अन्य स्थलों की सैर ने इतिहास से रूबरू कराया। यात्रा के दौरान गाइड ने यात्रियों को 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महान योद्धा ऊदा देवी के वीरता की कहानी सुनाई। उन्होंने किस तरह अंतिम सांस तक अंग्रेजी सैनिकों से लोहा लिया। महिलाओं ने बताया कि रोजमर्रा की जिंदगी में जिन स्थानों के सामने से वे अक्सर गुजर जाती थीं, आज उन्हें ठहरकर देखने-समझने का मौका मिला। विशेष भ्रमण का हिस्सा रहीं डॉ. अनन्या शर्मा ने कहा कि 'डॉक्टर होने के नाते उनका अधिकांश समय अस्पताल की जिम्मेदारियों में बीत जाता है।

इस यात्रा ने उन्हें अपने लिए कुछ पल निकालने और अपने ही शहर की खूबसूरती को करीब से देखने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्हें मरीजों के साथ डॉक्टर की भूमिका से हटकर परिवार की तरह समय बिताने का भी मौका मिला। पूरे सफर के दौरान बस में मौजूद गाइड ने यात्रियों को लखनऊ के इतिहास, स्थापत्य कला और समृद्ध संस्कृति से जुड़ी दिलचस्प जानकारियां दीं। एएमयू एसोसिएशन की महासचिव शाला हक ने भी लखनऊ दर्शन यात्रा को यादगार बताया।

## परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी के दो मोबाइल स्कूटी की डिग्गी से चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टेक टेस्टिंग सॉल्यूशन सेंटर पर रविवार को परीक्षा देने पहुंचे एक अभ्यर्थी के दो मोबाइल स्कूटी की डिग्गी से चोरी हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। बताते हैं कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टेक टेस्टिंग सॉल्यूशन सेंटर पर रविवार को दोपहर करीब 1 बजे से क्यूएट पीजी एमबीए की ऑन लाइन प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें शामिल होने आए कई अभ्यर्थियों ने अपने मोबाइल फोन बाहर खड़े अपने दोपहिया वाहनों में रख दिए और परीक्षा देने अंदर सेंटर में चले गए। आरोप है कि इस दौरान उनके वाहनों की चाबी केंद्र पर रख ली गई। करीब 3 घंटे बाद परीक्षा समाप्त होने पर शाम करीब 4 बजे जब परीक्षार्थी बाहर निकले तो गोमती नगर के विराम खंड निवासी अभ्यर्थी अपूर्व निगम की स्कूटी का लॉक टूटा होने के साथ उसकी डिक्की में रखे उसके दो कीमती मोबाइल गायब मिले। मोबाइल चोरी होने की जानकारी होते ही अभ्यर्थी ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है चोरी हुए मोबाइल का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## कब्रिस्तान के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, नशे के अवैध कारोबार पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र के साउथ सिटी इलाके में रविवार दोपहर कब्रिस्तान के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाम तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। साउथ सिटी चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह के अनुसार मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष के आसपास है। वह काले रंग की जैकेट, ग्रे पैंट और क्रीम रंग की टी-शर्ट पहने था, जबकि गले में चेकदार गमछा पड़ा मिला। उसकी जेब से केवल तंबाकू की एक पुड़िया बरामद हुई है। आसपास के लोगों ने बताया कि वह दिनभर नशे में धुत रहता था, फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी।

### स्थानीय लोगों ने नहर किनारे गांजा-स्मैक की बिक्री का लगाया आरोप

घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। उनका कहना है कि तेलीबाग श्मशान घाट और नहर किनारे लंबे समय से गांजा और स्मैक का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। लोगों का आरोप है कि नशे के आदी लोग यहां अक्सर पहुंचते हैं और कई बार उनके शव भी आसपास मिल चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने पुलिस से नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पार्वतीय समाज का होली मिलन समारोह सपन्न

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पर्वतीय समाज तेलीबाग के होली मिलन समारोह में भक्ति व संगीत का मिलाप तेलीबाग पर्वतीय समाज की ओर से रविवार को कुमार मंडी तेलीबाग में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समिति के 200 से अधिक परिवारों ने हिस्सा लिया। पार्वतीय लोक संस्कृति की झलक होली मिलन में देखने को मिली।

समिति के सांस्कृतिक मंत्री महेश चंद्र जोशी ने बताया कि पार्वतीय गायन, रागो पर आधारित होती है जैसे मालकोष, जय जयवंति, खमाज, शास्त्रीय संगीत, खड़ी होली एवं बैठी होली, झोड़ा, महिलाओं की होली एवं पुरुषों ने होली गायन किया इसमें छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए। हमारी उत्तराखण्ड की यह पौराणिक संस्कृति को पार्वतीय जन जागृति समिति तेलीबाग लखनऊ द्वारा युवाओं के साथ मिलकर संस्कृति को बचाकर रखने का प्रयास कर रही है समिति में अधिकतर युवा वर्ग बढ़कर भाग ले रहा है मार्गदर्शन हेतु इस संस्था में बुजुर्गों एवं महिलाये भी सदस्य है समिति द्वारा कोरोना कल में असहाय एवं बेरोजगारों जरूरतमंदों को राशन का वितरण भी किया गया था सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में भी यह संस्था बढ़ चढ़कर लोगों की सहायता प्रदान कर रही है मेधावी बच्चों को पुरस्कार देना हो बुजुर्गों का सम्मान हो संस्था द्वारा कार्य किया जा रहे हैं। अध्यक्ष मोहन चंद्र भट्ट, महामंत्री मनोज तिवारी, उपमहा मंत्री खीमानंद फुलारा, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अधिकारी कोषाध्यक्ष भुवन चंद्र तिवारी, सांस्कृतिक मंत्री महेश चंद्र जोशी, अप संस्कृत मंत्री दीपा एरि, संरक्षक शिव सिंह महोड़ी, भगवान सिंह नगरकोटी, प्रेम सिंह बिष्ट, मोहन सिंह भंडारी, नारायण सिंह रौतेला, दौलत सिंह बंगारी, विषम्भर दत्त जोशी, संगठन मंत्री मीना महोड़ी, आनंद कांडपाल, विधि सलाहकार प्रमोद जोशी, प्रचार मंत्री प्रकाश सिंह उपरारी, ऑडिटर हरीश सिंह अधिकारी, सदस्य सुरेंद्र भटट, नंदन सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह बिष्ट, कैलाश जोशी, आनंद सिंह, जगत सिंह धपोला, आनंद कांडपाल, रिपु दमन सिंह, हेमचंद साह, हरीश तिवारी, संतोष पंत आदि।

## राधाकृष्ण ने गोपियों संग किया मयूर नृत्य प्रांगण में तालियों की गूंज

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां क्षेत्र के वाजपेई खेड़ा गांव में विंध्यवासिनी धाम पर आयोजित सात दिवसीय रासलीला के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ एकत्र हुई जिसमें मंच पर श्रीकृष्ण जन्म, कंस को आकाशवाणी की गूंज, देवकी और वासुदेव को कंस द्वारा कारागार में बंदी बनाना नारद भजन और राधाकृष्ण का सखियों संग मयूर नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए और प्रांगड़ में मौजूद लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूज उठा। मौजूद भक्तों ने जय जय श्री राधे का जयघोष भी किया।

लखनऊ वाजपेई खेड़ा निवासी विन्ध्येश्वरी परिवार द्वारा आयोजित रासलीला मंच का शुभारंभ विंध्याचल स्थित माता विंध्यवासिनी के प्रमुख शिव जी महाराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से मंत्रोच्चार की साथ किया गया। रासलीला वृंदावन के रासाचार्य भावेशकृष्ण महाराज (ठाकुर जी) के संचालन में की जा रही है जिसमें श्री धाम वृंदावन के कलाकारों द्वारा विभिन्न किरदारों में मंचन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहले ही दिन पहुंचे हजारों की संख्या में भक्तों ने राधेकृष्ण का जयघोष कर रासलीला का रसपान किया और शनिवार देर रात प्रथम दिवस की लीला का विश्राम हुआ।

कार्यक्रम में विन्ध्येश्वरी परिवार के मुखिया उमाशंकर शुक्ल, मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल विन्ध्येश्वरी, सोनू विन्ध्येश्वरी, भाजपा नेता अभिषेक शुक्ल, मोनू शुक्ल, करन शुक्ल, मंडल उपाध्यक्ष निगोहां अर्जुन शुक्ल, देवांश शुक्ल ₹पंडित₹ सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

### इकलौते बेटे के सर से उठा पिता का साय

अमन लेखनी समाचार



मृतक सत्यम फाइल - फोटो

लखनऊ। सेविंग कराने की बात कहकर घर से निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जमुलिया निवासी सत्यम उर्फ अंशु 28 रविवार दोपहर को घर से सेविंग कराने की बात कहकर बाइक से सवार होकर निकला था। जिसका शव गांव के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में चाचा शिवपाल के बाग में आम के पेड़ से मफलर के सहारे लटकता हुआ मिला घटनास्थल के पास से उसकी बाइक बरामद हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं शव देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसके पैर जमीन को छू रहे थे। मृतक के पिता रामबिलास ने बताया कि वह कई दिनों से गुमसुम अवस्था में रह रहा था। जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। बेटे सत्यम की शादी चार वर्ष पूर्व मलिहाबाद के ढखवा गांव से हुई थी। वह लखनऊ में एक चूड़ी कंगन कॉस्मेटिक की दुकान पर काम करता मृतक के परिवार में पिता रामविलास, माता शांति, पत्नी रामजानकी, इकलौता बेटा रुद्र है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## ग्यारह हजार लाइन की चपेट में आने से बंदर की दर्दनाक मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बख्तयार नगर गांव में रविवार को एक बंदर की 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सप्लाई बंद कर बंदर को तारों से नीचे उतारा, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसका विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया।

मलिहाबाद अमानीगंज विद्युत उपकेंद्र से जुड़े पुरवा फीडर की बिजली लाइन बागों के बीच से होते हुए बख्तयार नगर गांव तक पहुंचती है। रविवार को गांव के किनारे स्थित बाग में एक बंदर पेड़ों पर उछल-कूद कर रहा था। इसी दौरान वह पास से गुजर रही 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और तारों में फंसकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के लाइनमैन सुरेश अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने तुरंत बिजली सप्लाई बंद कराई और बंदर को सावधानीपूर्वक तारों से नीचे उतारा। इसके बाद ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ उसका अंतिम संस्कार किया।

ग्रामीणों का कहना है कि पुरवा फीडर की लाइन ज्यादातर बागों के अंदर से होकर गुजरती है, जिससे इंसानों के साथ-साथ जानवरों के लिए भी खतरा बना रहता है। उन्होंने बिजली विभाग से मांग की है कि लाइन को बागों के बजाय सड़क किनारे से निकाला जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव हो सके।

## नकाबपोश चोरों ने किसान के घर को अपना निशाना बनाकर गहने और नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीती रात नकाबपोश चोरों ने एक किसान के घर को अपना निशाना बनाकर लाखों रुपए कीमत के गहने और हजारों रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। रविवार सुबह जानकारी होने के बाद पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है। सरोजनीनगर के रनियापुर निवासी किसान उमाशंकर अपनी पत्नी, बहू और बेटे शिव शंकर के साथ रहते हैं। होली त्यौहार में उनकी विवाहित बेटी भी घर आई हुई है। उमाशंकर के बेटे शिव शंकर के मुताबिक शनिवार रात सभी लोग खाना खाकर घर में सो गए। जबकि उमाशंकर अपने मुख्य दरवाजे पर लगे चैनल के पास बाहर सो गए। इसी दौरान पहुंचे चोरों ने घर के बगल साइड लगे चैनल का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और अंदर कमरे में रखी अलमारी तोड़कर उमाशंकर की पत्नी, बहू और बेटी के करीब 15 लाख रुपए कीमत के गहने व 75 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। रविवार सुबह जब उमाशंकर उठे तो उन्हें घर में बगल साइड लगे चैनल का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी व लाकर टूटा होने के साथ सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। जबकि अलमारी में रखे गहने और नगदी गायब मिली। तब घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज में जांच करने पर दो नकाबपोश बदमाश हाथ में तमंचा और तलवार लिए हुए नजर आए। फिलहाल पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरों की पहचान करने के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उनकी पहचान कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## संक्षेप

### महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित कटाई गांव में एक 35 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर उन्नाव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की पहचान कटाई मगरवारा निवासी गुड्डू की पत्नी अनीता (35) के रूप में हुई है। उसने रविवार शाम को अपने घर के अंदर यह कदम उठाया। अनीता की शादी लगभग 18 साल पहले गुड्डू से हुई थी। दंपति के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। परिजनों ने बताया कि घटना के समय अनीता घर पर अकेली थी। कुछ देर बाद परिवार के सदस्यों ने उसे कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया। उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। कोतवाली उन्नाव पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की परिस्थितियों को स्पष्ट किया जा सके।

### 250 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर हुआ चोरी

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में चोरों ने एक 250 केवीए ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। यह घटना बीती रात ग्राम गौरा में हुई, जिससे गांव के 400 से अधिक घरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। ट्रांसफार्मर चोरी होने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम गौरा में लगा यह ट्रांसफार्मर गांव की मुख्य विद्युत आपूर्ति का प्रमुख स्रोत था। बीती देर रात अज्ञात चोर मौके पर पहुंचे और ट्रांसफार्मर को खोलकर अपने साथ ले गए। सुबह जब ग्रामीणों को पूरे गांव में बिजली न होने का संदेह हुआ, तो उन्होंने मौके पर जाकर देखा। ट्रांसफार्मर गायब मिलने पर ग्रामीणों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी ट्रांसफार्मर चोरी होने के कारण गांव के लगभग 400 से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई है। बिजली न होने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल चार्जिंग, पानी की मोटर चलाने और अन्य दैनिक कार्यों में भी बाधा आ रही है। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी और अजगैन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। चोरों का सुराग लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे उनमें दहशत का माहौल है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है। वहीं, बिजली विभाग भी गांव की विद्युत आपूर्ति बहाल करने की दिशा में काम कर रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के तहत एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने की। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 20 महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में सम्मानित की गई महिलाओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, पुष्पगुच्छ और मां दुर्गा का चित्र भेंट किया गया। यह सम्मान मिशन शक्ति अभियान, साइबर क्राइम जागरूकता, परिवार परामर्श और थानों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों और परामर्शदाताओं को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा, क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह और क्षेत्राधिकारी लाइन्स विनी सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने महिलाओं को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद ने महिला सशक्तिकरण पर स्वयं रचित एक गीत प्रस्तुत किया। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज और अधिक मजबूत बनता है। सम्मानित होने वालों में क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स विनी सिंह, प्रभारी निरीक्षक डब्ल्यूसीएसओ संतोष कुमारी, परिवार परामर्शदाता शिल्पी श्रीवास्तव, प्रभा यादव, तबस्सुम नफीस और डॉ. शशि रंजना अग्निहोत्री प्रमुख थीं। इनके अतिरिक्त, कई अन्य महिला पुलिसकर्मी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं भी सम्मानित हुईं। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रतिसार निरीक्षक सचिन राय और परिवार परामर्श समिति के प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।




# जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा मां मंडफी दरबार

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिपुरारपुर स्थित मां मंडफी के पावन दरबार में शनिवार को भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां भव्य धनुष भंग लीला, विशाल मेला और भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी व जिला पंचायत प्रत्याशी नीशू शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद पूरी रात चली रामलीला के मंचन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात्रि में मंचित धनुष यज्ञ लीला में उत्तर प्रदेश के प्रख्यात कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों का जीवंत और प्रभावशाली मंचन कर पूरे पंडाल को भक्तिमय बना दिया। राजा जनक की भूमिका निभा रहे आशीष चतुर्वेदी के भावपूर्ण अभिनय और उनके विलाप को देख पंडाल में बैठे हजारों श्रद्धालु भावुक हो उठे। इसके बाद रावण और बाणासुर के संवाद ने दर्शकों में रोमांच भर दिया। जैसे ही राजा जनक ने कहा वीर विहीन भई यह धरती, लक्ष्मण क्रोध से तमतमा उठे। उसी क्षण गुरु विश्वामित्र के आदेश पर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष उठाकर उसे भंग कर दिया। धनुष टूटते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। धनुष भंग की गर्जना सुनकर क्रोधित परशुराम के जनकपुर पहुंचने और लक्ष्मण-परशुराम के तीखे संवाद के मंचन ने देर सुबह तक दर्शकों को बांधे रखा। आयोजन के दौरान विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन त्रिपाठी परिवार द्वारा कराया गया, जबकि धनुष भंग कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। आयोजन में आंसू द्विवेदी, संजय त्रिपाठी, उमेश द्विवेदी मनोज लोधी, अनूप लोधी, पुरन लोधी, विनीत वर्मा, मोहित द्विवेदी, राजमोहन लोधी, विजय कोरी, सत्यम त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन अजय द्विवेदी ने किया।



# संदिग्ध परिस्थितियों से फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के रसूलाबाद कस्बे में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में किचन में साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान नुरुल्लानगर ग्राम पंचायत के मजरा अटिया निवासी विमल अवस्थी की 40 वर्षीय पत्नी रश्मि अवस्थी के रूप में हुई है। रश्मि अवस्थी रसूलाबाद कस्बे के मोहल्ला बेगम नगर में मकान बनाकर रह रही थीं। यह घटना रविवार दोपहर करीब तीन बजे सामने आई, जब उनका शव किचन में साड़ी के सहारे लटका हुआ पाया गया। रसूलाबाद चौकी प्रभारी जय प्रकाश यादव पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। मृतका का एक 20 वर्षीय पुत्र शानू अवस्थी है, जो कानपुर में रहकर पढ़ाई करता है।



इस मामले में आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष द्वारा कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विधायक के समर्थकों ने निकाली न्याय पद यात्रा पुलिस ने रोका

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के समर्थकों द्वारा रविवार को प्रस्तावित 'न्याय पद यात्रा' को पुलिस प्रशासन ने रोक दिया। सफीपुर तहसील मुख्यालय से शुरू होने वाली इस यात्रा को जनपद में लागू धारा 144 का हवाला देते हुए स्थगित कराया गया। इसके बाद समर्थकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अन्य उच्च पदाधिकारियों को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन पुलिस को सौंपा। यह पदयात्रा तिहाड़ जेल में बंद पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर से जुड़े न्यायिक मामले में बढ़ते 'मीडिया ट्रायल' से नाराज समर्थकों द्वारा आयोजित की गई थी। समर्थक विधायक आवास के पास एकत्र हुए थे और वहां से यात्रा शुरू करने की तैयारी कर रहे थे इसी दौरान प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और समर्थकों को आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में धारा 144 लागू है, जिसके तहत बिना अनुमति किसी भी प्रकार की रैली या पदयात्रा निकालना नियमों के विरुद्ध है। पुलिस द्वारा समझाने के बाद समर्थकों ने यात्रा स्थगित कर दी। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री भारत सरकार, केंद्रीय गृहमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश और केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री को संबोधित एक छह सूत्रीय ज्ञापन कोतवाली प्रभारी को सौंपा। कोतवाली प्रभारी ने ज्ञापन को संबंधित अधिकारियों तक उचित माध्यम से पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस 'न्याय पद यात्रा' का संयोजन दीपक सिंह कोटरा, शिवा सिंह माखी, अमरेंद्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह सेंगर और संदीप सिंह चौहान ने किया था। कार्यक्रम में श्रीधर शुक्ला, रामेंद्र लोधी, रघुनंदन प्रसाद, चांद बाबू, संजय कुमार तिवारी, सोनू मिश्र, विकास वर्मा (प्रधान) और आयुष शुक्ला सहित कई दर्जन समर्थक मौजूद थे। विशाल पदयात्रा वढ32888007 समर्थकों का कहना था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को सरकार और न्यायपालिका तक पहुंचाना चाहते थे। वहीं, पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 के तहत किसी भी प्रकार की भीड़ या जुलूस की अनुमति नहीं दी जा सकती।



# रजबहा कटा किसानों की फसलें हुई जलमग्न

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र से निकलने वाला मोहान रजबहा हाजीपुर तरेहा गांव के पास बीती रात फिर कट गया। इस घटना से किसानों की गेहूं की तैयार फसलें जलमग्न हो गईं, जिससे उनकी चिंता बढ़ गई है। किसानों के अनुसार, उनकी गेहूं की फसलें कटाई के लिए तैयार थीं और अगले 10 दिनों में कटाई शुरू होनी थी। खेतों में पानी भरने से गेहूं के पौधे गिर जाएंगे, जिससे फसल की पैदावार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। गांव के किसान सुजीत रावत और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इसी रजबहा में 3 मार्च को भी ओवरफ्लो के कारण कटाव हुआ था। उस समय भी फसलें जलमग्न हो गई थीं, जिसके बाद नहर विभाग ने कटे हुए हिस्से की मरम्मत कराई थी। शनिवार रात को उसी स्थान पर दोबारा कटाव होने से लगभग 100 बीघा खेतों में पानी भर गया है। किसानों ने इस संबंध में नहर विभाग को सूचित कर दिया है। किसानों का आरोप है कि रजबहा की सिल्ट सफाई ठीक से न होने के कारण बार-बार कटाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिन किसानों के खेत जलमग्न हुए हैं, उनमें रामकरण, राजेश, मुन्ना, रामदयाल, राधे, सिद्धनाथ, रामकिशन, उदन, सरोज, खन्ना, गिरधारी, कमलेश, अजीत, सनेही यादव, राजेश और मिठाई लाला प्रमुख हैं।



# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के महीपतखेड़ा गांव में रविवार दोपहर एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें युवक ने अपनी निराशा व्यक्त की है। जिसमें लिखा- लिखा- मैं हर जगह से हार चुका हूं, प्रेमिका पर दबाव न डाला जाए। पुलिस के अनुसार, ग्राम महीपतखेड़ा निवासी दयाराम के पुत्र अनुराग (18) का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी रविवार दोपहर करीब एक बजे यूपी पुलिस डायल 112 को दी गई, जिसके बाद अजगैन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच के दौरान कमरे से बरामद सुसाइड नोट को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और उसकी जांच की जा रही है। सुसाइड नोट में अनुराग ने मा-बाप से माफी मांगते हुए लिखा, वह जीवन में हर जगह से हार चुका है। उसने खुद को एक अच्छा बेटा, भाई और प्रेमी साबित नहीं कर पाने की बात कही। युवक ने यह भी लिखा कि जिन लोगों से उसने प्यार किया, वे उससे दूर हो गए, इसलिए वह इस तरह घुट-घुट कर नहीं जी सकता। अनुराग ने अपने माता-पिता से अपील की कि वे उसका सामान, जैसे कपड़े, जूते, घड़ी और परफ्यूम उसके भाई आदित्य को दे दें और अपनी बहन का ख्याल रखें। उसने स्पष्ट किया कि उसकी मौत के लिए कोई अन्य व्यक्ति जिम्मेदार नहीं है और यह कदम वह किसी के दबाव में आकर नहीं उठा रहा है। युवक ने अपने माता-पिता से यह भी अनुरोध किया कि उसकी मौत के बाद किसी पर भी कोई दबाव न बनाया जाए और उसकी प्रेमिका को किसी प्रकार से परेशान न किया जाए। उसने अपनी आखिरी इच्छा बताते हुए लिखा कि उसके माता-पिता किसी को भी दोषी न ठहराएं। सुसाइड नोट में उसने अपनी प्रेमिका के लिए भावनात्मक पंक्तियां भी लिखी हैं। उसने लिखा, ₹ना चांद अपना था, ना तू अपना था, काश दिल भी समझ लेता कि सब सपना था।₹ साथ ही अंग्रेजी में ₹आई विल ऑलवेज योर्स₹ भी लिखा है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# पति-पत्नी के 16 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जयप्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र रिजर्व पुलिस लाइन व सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र व थाना औरास से 03-03, थाना बेहटामुजावर, थाना बारासगवर, थाना असोहा से 02-02, थाना दही, थाना बिहार, थाना फतेहपुर चौरासी, थाना बांगरमऊ से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में रामसनेही यादव, डॉ0 एस.के.पाण्डेय, शिल्पी श्रीवास्तव, प्रभा यादव, तबस्सुम नफीस, सबीहा उमर, डॉ0 शशि रंजना अग्निहोत्री, अवसार अली व डा0 सगीर अहमद तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र पूजा, नेहा पवार, पूनम शाक्य, दिव्या भारती, ज्योति, दीपा, पूनम यादव, सुमन, प्रीती, रूबी राव, अंजली शर्मा, अंशू रानी का विशेष योगदान रहा।



# जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उमा शंकर दीक्षित जिला अस्पताल में रविवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया, जिससे जरूरतमंद मरीजों की मदद करने का संकल्प लिया गया।

यह आयोजन 'पचास से अधिक रक्तदाता' संस्था द्वारा किया गया था। संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुंचे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शकुन सिंह और श्वेता मिश्रा भानू ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान करने वालों को मंच से 'प्रेरणा सम्मान' से सम्मानित किया गया। साथ ही, संस्था से जुड़ी महिलाओं को भी समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सराहा गया। पूर्व में रक्तदान कर चुके रक्तदाताओं का भी उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक की टीम को भी उनकी सेवा भावना और मरीजों के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे सबसे बड़ा दान बताया, क्योंकि यह किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। मुख्य अतिथियों ने लोगों से अपील की कि समाज में रक्त की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान को एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने पर जोर दिया।

शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के रक्तदान शिविर समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होते हैं।

# अज्ञात भारी वाहन की टक्कर से हाइट बैरियर हुआ क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर में हरदोई पुल के पास शास्त्री पार्क के बगल में लगा लोहे का हाइट बैरियर क्षतिग्रस्त हो गया है। किसी भारी वाहन की टक्कर से यह खतरनाक तरीके से सड़क की ओर झुक गया है, जिससे राहगीरों और वाहनों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। यह हाइट बैरियर भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लगाया गया था। क्षतिग्रस्त होने के बाद से यह सड़क की ओर झुका हुआ है, जिससे दोपहिया, चारपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों को आवागमन में असुविधा हो रही है और दुर्घटना का जोखिम बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इसे ठीक नहीं कराया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसी तरह की एक और घटना में, लखनऊ बाईपास स्थित आवास विकास क्षेत्र में लगा हाइट गेज भी क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह गेज टूटकर एक किनारे रख दिया गया है और अब इसका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेने और जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त हाइट बैरियर तथा हाइट गेज को ठीक कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा और आवागमन सुरक्षित बनाया जा सकेगा।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी नीरज (20) को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी माखी थाना क्षेत्र के टेनई पुरवा का निवासी है। आसीवन थाना क्षेत्र की एक युवती ने आसीवन थाने में नीरज पुत्र हरिश्चंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। युवती ने आरोप लगाया था कि नीरज ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में रसूलाबाद चौकी प्रभारी जय प्रकाश यादव ने पुलिस बल के साथ रविवार को आरोपी को गिरफ्तार किया। नीरज को रसूलाबाद-मुंशीगंज मार्ग पर मुंशीगंज तिराहे से पकड़ा गया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज था और उसकी तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# सरहन खुर्द निवासी किसान संतोष सचान के ऊपर मुकदमा दर्ज

**खबर का असर**

### पर्यावरण को क्षति पहुंचाने पर वन विभाग ने की कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सरहन खुर्द में पर्यावरण को क्षति पहुंचाते हुए अवैध रूप से लकड़ी काटने वाले किसान के ऊपर मुकदमा दर्ज हुआ मिली जानकारी के अनुसार बिगत दिवस शनिवार दोपहर समय ग्रामीण संतोष सचान पुत्र कुडहादीन अपने निजी नलकूप के पीछे खेत में खड़े हरे नीम के भारी पेड़ को इलेक्ट्रानिक मशीनों द्वारा धराशाई कर दिया जिसकी सूचना मिलते ही अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र की टीम मौके पर पहुंची तथा कवरेज करते हुए खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया वही मीडिया द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई तथा मौके पर पहुंची चालाकी दिखाते हुए किसान ने आनन-फानन लकड़ी को गायब कर दिया तथा खेत में पानी भर दिया जिससे अधिकारी मौके तक ना पहुंच सके परंतु वन विभाग ने कड़ी मशक्कत से मौके पर पहुंच कर पेड़ की जड़ तना इत्यादि की पूरी माप जोख करते हुए थाना चांदपुर में लिखित तहरीर दी जहां तहरीर प्राप्त करते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार पटेल ने अवैध रूप से लकड़ी काट रहे तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे किसान संतोष सचान पुत्र कुडहादीन निवासी सरहन खुर्द थाना चांदपुर के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की


अमौली क्षेत्र में फिर धराशाई हुआ हरा पेड़

खबर का असर

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट आधा दर्जन घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर मझीगवा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में चार महिलाओं सहित कुल छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में रसूलपुर मझीगवा गांव निवासी कौशल्या ने बताया कि 7 मार्च को उनका बड़ा बेटा अरुण सब्जी लेने बाजार गया था। देर शाम घर लौटते समय गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ गालीगलौज और मारपीट की। कौशल्या के अनुसार, यह रंजिश पूर्व में हुई एक मारपीट की घटना से जुड़ी है, जिसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था, लेकिन आरोपी तब से रंजिश मान रहे थे। शनिवार शाम को अरुण जब बाजार से घर लौट रहा था, तभी गांव के एक युवक ने उसके साथ फिर से गालीगलौज और मारपीट की। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और उनके बीच जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में एक पक्ष से मां, बेटी और बेटा घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से भाई और उसकी दो बहनें चोटिल हुईं। पीड़ित अरुण कुमार ने आरोप लगाया कि पहले उन्हें गाली दी गई, फिर दबंग उनके घर में घुस आए और गाली देते हुए मारपीट करने लगे। यह घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।



## सम्पादकीय

# नीतीश की नई पारी, बिहार में बदलाव का आगाज

बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़े बदलाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं। लंबे समय से राज्य की राजनीति के केंद्र में रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के केंद्र की राजनीति में जाने से बिहार में भी बदलाव का आगाज होगा। गुरुवार को उन्होंने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। यह केवल एक पद परिवर्तन भर नहीं होगा, बल्कि बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत भी हो सकती है। खास तौर पर यह बदलाव उनकी राजनीतिक विरासत और राज्य की सत्ता संरचना दोनों को प्रभावित करने वाला होगा। उनके राज्यसभा में जाने से बिहार में उनके उत्तराधिकारी को लेकर भी नई तस्वीर सामने आ सकती है। राजनीतिक हलकों में यह कयास लगाया जा रहा है कि उनके पुत्र निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर सकते हैं। माना जा रहा है कि यह उनके सार्वजनिक राजनीतिक जीवन की औपचारिक शुरुआत होगी। कई विश्लेषकों का मानना है कि उन्हें बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी जा सकती है, जिससे वे धीरे-धीरे प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव हासिल कर सकें। यह संभावना बिहार की राजनीति में इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि नीतीश कुमार ने हमेशा परिवारवाद की राजनीति का विरोध किया है। विशेष रूप से उन्होंने कई मौकों पर राष्ट्रीय जनता दल और उसके नेतृत्व पर परिवारवाद के आरोप लगाए हैं। ऐसे में यदि उनके बेटे की राजनीति में एंट्री होती है तो यह स्वाभाविक रूप से बहस का विषय बनेगा। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह प्रक्रिया धीरे-धीरे और राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप होती है, तो इसे सीधे तौर पर पारंपरिक परिवारवाद की श्रेणी में रखना भी आसान नहीं होगा। नीतीश की राजनीतिक यात्रा भी अपने आप में काफी दिलचस्प रही है। वे उस पीढ़ी से आते हैं जिसने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से प्रेरणा लेकर राजनीति में कदम रखा था। उस दौर की राजनीति का मुख्य आधार वैचारिक प्रतिबद्धता, सादगी और प्रशासनिक शुचिता था। नीतीश ने भी लंबे समय तक खुद को इसी छवि के साथ स्थापित करने का प्रयास किया। उम्र बढ़ने के साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियों का दबाव और लगातार सक्रिय राजनीति में बने रहने की कठिनाई भी एक बड़ा कारक बन जाती है। यही वजह है कि यदि नीतीश केंद्र की राजनीति की ओर रुख कर रहे हैं तो इसे उनके राजनीतिक अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर उपयोग करने की रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है। साथ ही यह निर्णय उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक संतुलन, दोनों के लिहाज से व्यावहारिक माना जा सकता है। दूसरी ओर, बिहार की सत्ता व्यवस्था में भी इसके दूरगामी प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। अब मुख्यमंत्री पद को लेकर भी नए समीकरण बन सकते हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा की भूमिका काफी अहम हो जाएगी, क्योंकि मौजूदा राजनीतिक गठबंधन में उसकी स्थिति मजबूत है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भविष्य में बिहार का मुख्यमंत्री भाजपा से हो सकता है, जबकि जदयू के हिस्से में उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी आ सकती है। हालांकि इस संभावित बदलाव के साथ चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। जनता दल (यू) के समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच भावनात्मक स्तर पर एक खालीपन महसूस किया जा सकता है, क्योंकि नीतीश कुमार लंबे समय से पार्टी और सरकार दोनों के केंद्रीय चेहरे रहे हैं। उनके बिना पार्टी को अपनी पहचान और संगठनात्मक ऊर्जा को बनाए रखने के लिए नई रणनीति बनानी होगी।



त्रासदी
मनोज कुमार अग्रवाल

> विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। समय की मांग है कि राष्ट्र अपने मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाएं और विश्व शांति को सर्वोपरि रखें। यदि अभी भी उन्होंने सबक न सीखा तो आजकल के हथियार पहले से बेहतर होने के कारण तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति में नुकसान पिछले विश्व युद्धों में हुए नुकसान से कहीं अधिक होगा और मानवता त्राहि-त्राहि कर उठेगी।

# युद्ध, अशांति, अराजकता के दौर में दुनिया

विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है। युद्ध मानव सभ्यता के साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक होता है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। भूमि बंजर हो जाती है और जल स्त्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बता दें कि 24 फरवरी 2022 से रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और इसी साल 7 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीमित सैन्य संघर्ष के बाद अब इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में परिस्थितियां गंभीर और जटिल बनी हुई हैं। इस समय दोनों देशों के बीच तनाव चरम सीमा पर है और दोनों देशों की सेनाएं प्रत्यक्ष सैन्य आक्रमणों में उलझी हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध और अब अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान युद्ध का संघर्ष यह दर्शाते हैं कि युद्ध का दंश सीमाओं से परे जाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था और शांति को बुरी तरह प्रभावित करता है।

इसे हाल ही में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध शुरू की गई भारी सैन्य कार्रवाई ने और बढ़ा दिया है। अब तक ईरान में ही इस युद्ध के कारण 555 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस जंग में हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ईरानी रेड क्रेसेंट सोसाइटी के मुताबिक, ईरान में 780 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं। इनमें कथित तौर पर एक स्कूल पर हुए अमेरिका-इजराइल के हमले में मारी गईं 165 लड़कियां और स्टाफ भी शामिल हैं। युद्ध के कारण शरणार्थियों की समस्या भी उत्पन्न होती है जो अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मानवीय संकट का रूप ले लेती है। यह भी विडंबना है कि युद्ध प्रायः सत्ता, वर्चस्व और वैचारिक मतभेदों के कारण होते हैं जबकि युद्ध की कीमत आम जनता चुकाती है।



आज के परमाणु और अत्याधुनिक हथियारों के युग में युद्ध का अर्थ केवल सीमित संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक विनाश हो सकता है। विश्व भर में जारी कुछ अन्य युद्धों का सिलसिला जारी है। आपको बता दें कि 2014 से जारी 'यमन' के गृह युद्ध में लाखों लोग प्रभावित और हजारों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। यह गृह युद्ध यमन के पूर्व और वर्तमान राष्ट्रपतियों के वफादार गुटों के बीच चल रहा है। 'यमन' की राजधानी 'सना' स्थित 'होऊथी' योद्धाओं जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह' के वफादार योद्धाओं का समर्थन प्राप्त है, और 'अदन' में स्थित 'मंसूर हादी' की सरकार के बीच यह युद्ध चल रहा है।

21 फरवरी, 2026 को 'होऊथी' सेनाओं द्वारा राजधानी सना में हादी को उनके आवास पर नजरबंद करने के एक महीने बाद ही हादी वहां से भाग निकलने में सफल रहे और अदन आ गए। उन्होंने कहा कि होऊथी अधिग्रहण अवैध था और वह अब भी यमन के संवैधानिक राष्ट्रपति हैं। उधर इथोपिया में 2020 में तत्कालीन प्रधानमंत्री 'अबी अहमद' द्वारा विपक्षी पार्टी एल.पी.टी.एफ. के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई के कारण शुरू हुए गृह युद्ध से लाखों लोग विस्थापित हुए और सैकड़ों लोग मारे गए। हालांकि नवम्बर, 2022 में हुए शांति समझौते के बाद झगड़े कम हुए हैं परंतु तनाव अभी बना हुआ है। म्यांमार में 1 फरवरी, 2021 को वहां के मिलिट्री 'जुंटा' ने 'आंग सान सू की' की सरकार का तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके तुरंत बाद ही 'जुंटा' कहलाने वाले सैन्य शासकों का भी विरोध शुरू हो गया और इसने एक भीषण गृहयुद्ध का रूप ले लिया है। इस खूनी गृहयुद्ध में पिछले 5 वर्षों के दौरान 73,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। 24 फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पांचवें वर्ष में दाखिल हो चुका है।

इस युद्ध में अंतरराष्ट्रीय अनुमानों के अनुसार दोनों पक्षों के सैनिकों और नागरिकों को मिलाकर लाखों लोगों की मौत तथा लाखों लोग घायल और विस्थापित हुए हैं। 7 अक्तूबर, 2023 को इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जमीन, राजनीतिक स्वामित्व और धार्मिक दावों से सम्बन्धित दशकों पुराना विवाद हमास द्वारा इजराइल पर बड़ा हमला किए जाने के बाद अधिक तेजी से भड़क उठा। दोनों पक्ष एक-दूसरे की भूमि पर कब्जे और एक-दूसरे पर परस्पर सुरक्षा खतरे के आरोप लगाते आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार इजराइली हमलों के कारण गाजा का बड़ा हिस्सा बुरी तरह तबाह हो चुका है। इसके पुनर्निर्माण में 20 वर्ष से भी अधिक समय लगने का अनुमान है।

इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा विवाद तेज हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकी संगठन पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं और इन हमलों में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। अफ्रीकी देश 'सुडान' भी 'सूडानी सशस्त्र सेनाओं' (एस.ए.एफ.) तथा अर्द्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' (आर.एस.एफ.) के बीच 2023 से जारी युद्ध के कारण इतिहास के सर्वाधिक उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा है। इस कारण यहां की जनता पूरी तरह तबाह और बर्बाद हो गई है और उसकी मुसीबतों को गरीबी आदि ने और भी बढ़ा दिया है तथा लगभग 2 लाख 80 हजार लोग अपने घर छोड़ कर दूसरे स्थानों को जा चुके हैं। उक्त सारे संघर्ष वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। कुल मिलाकर आज विभिन्न देशों के नेताओं की सत्ता की भूख और निजी स्वार्थों के कारण दुनिया 'बारूद के ढेर' पर बैठी नजर आ रही है।

युद्ध की विभीषिका हमें यह सिखाती है कि हिंसा कभी समाधान नहीं हो सकती। मानवता का वास्तविक विकास शांति, सहयोग और पारस्परिक सहयोग में ही निहित है। यदि विश्व समुदाय ने इतिहास से सबक नहीं लिया, भविष्य और भी भयावह हो सकता है। समय की मांग है कि राष्ट्र अपने मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाएं और विश्व शांति को सर्वोपरि रखें। यदि अभी भी उन्होंने सबक न सीखा तो आजकल के हथियार पहले से बेहतर होने के कारण तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति में नुकसान पिछले विश्व युद्धों में हुए नुकसान से कहीं अधिक होगा और मानवता त्राहि-त्राहि कर उठेगी।

## जयंती विशेष

श्वेता गोयल



# छत्रपति शिवाजी : दुर्गों के सम्राट, जनमन के देवता

भारतीय इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था। उन्होंने दासता की बेड़ियों को काटकर आने वाली पीढ़ियों के मानस में आत्मसम्मान और राष्ट्रवाद का वह अक्षय दीप प्रज्ज्वलित किया, जो आज भी अडिग है। भारतीय परंपरा में महापुरुषों की जयंती अक्सर हिंदू पंचांग की तिथि के अनुसार भी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार शिवाजी महाराज का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 6 मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर 6 मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहीं है, बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है। शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थीं। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थीं। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था। किशोरावस्था में ही शिवाजी ने यह समझ लिया था कि विदेशी और अन्यायपूर्ण शासन के अधीन रहकर जनकल्याण संभव नहीं। मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया। 1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1674 में रायगढ़ किले में उनका भव्य राज्याभिषेक हुआ और वे 'छत्रपति' की उपाधि से अलंकृत हुए। यह केवल एक राजतिलक नहीं था बल्कि पराधीन मानसिकता के विरुद्ध स्वतंत्रता का औपचारिक उद्घोष था। आज जब हम शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हैं तो यह केवल अतीत की वीरता को दोहराने का क्षण नहीं है

## योग बहुमूल्य उपहार



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए। बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत खुश था। बोला, अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया, उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बजट में महंगाई को तवज्जो नहीं

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने प्रदेश के बजट में महिला सशक्तीकरण को प्रथमिकता देते हुए महिला कल्याण के लिए 28,183 .06 करोड़ आवंटित किए हैं। हालांकि, इस बजट में महंगाई व रसोई को तवज्जो नहीं दी गई, जबकि यह अत्यंत जरूरी था। बजट में महंगाई पर लगाम लगाए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रसोई गैस व अन्य सामग्री सस्ती करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। रही बात, महिला सशक्तीकरण की तो वह योजनाएं धरातल पर उतरने पर ही इनकी सार्थकता है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ रोजगार के भी प्रावधान जरूरी हैं। इस मामले में नए महिला थाने व एंटी टेररिस्ट स्क्वायड में महिला कमांडो को शामिल करना सराहनीय कदम है।

-रूहिश, रोहतक

## ट्रेंड

### भारत-यूरोप संबंध



आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर वेस्ट एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे मे भारत और यूरोप अपने संबंधो के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं।

- किरण रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री

### फिनलैंड से समझौता



फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। दोनों देशों के इनोवेशन इकोसिस्टम को जोड़ने के लिए आज हमने फिनलैंड के साथ एक व्यापक प्रवासन और गतिशीलता समझौता किया है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### तेल आपूर्ति खतरे में



भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40% से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### कांग्रेस ने वादे नहीं निभाए



कांग्रेस ने 2024 में भी संभावित प्रत्याशियों से पैसे लिए और टिकट न मिलने पर कई के पैसे वापस नहीं किए। इस बार भी वही खेल दोहराया जा रहा है। जो पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं से किए वादे नहीं निभा पाती, वह जनता की उम्मीदों को कैसे पूरा करेगी?

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

## करंट अफेयर


# युद्ध से इज़राइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर का नुकसान



यरुशलम। ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण आर्थिक गतिविधियों पर मौजूदा प्रतिबंधों के चलते इजराइल को हर सप्ताह लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब तीन अरब अमेरिकी डॉलर) का नुकसान होने की संभावना है। इजराइली वित्त मंत्रालय ने यह चेतावनी दी है। "टाइम्स ऑफ इजराइल" की एक खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को भेजे पत्र में आर्थिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का आग्रह किया है ताकि बृहस्पतिवार से कारोबार और कार्यस्थलों को आंशिक रूप से चरणबद्ध तरीके से खोला जा सके। रोम ने पत्र में कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के अनुरूप रक्षा नीति बनाए रखना आवश्यक है,

## ऑफ बीट

# अमेरिका में पहली बार गांधी की प्रतिमा का अनावरण



न्यूयॉर्क/सिएटल। अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं। मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर इस आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है।

## संक्षेप

### बुजुर्ग का शव कुएं में मिला

**दो दिन पहले घर से निकले थे, पुलिस ने बाहर निकलवाया शव**

अमेठी , एक 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव उनके घर से लगभग एक किलोमीटर दूर एक कुएं में मिला है। मृतक दो दिन पहले अपने घर से निकले थे। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह मामला जामो थाना क्षेत्र के दुनिया सिंह का पुरवा मजरे बरौलिया गांव का है। आज सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर स्थित एक कुएं में शव देखा, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी ।सूचना मिलते ही पीआरबी और जामो थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 65 वर्षीय रामआसरे पुत्र बृजलाल के रूप में हुई है, जो इसी गांव के निवासी थे। परिजनों ने बताया कि वह दो दिन पहले किसी काम से घर से निकले थे।कुएं के पास ही मृतक का खेत भी है।थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

### सीआरपीएफ त्रिसुंडी में 87वां हेल्थ चेकअप और ब्लड डोनेशन कैंप

**डीआईजी मदन कुमार ने किया शुभारंभ, जवानों-अधिकारियों ने किया रक्तदान**

अमेठी , आज सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर त्रिसुंडी में 87वें हेल्थ चेकअप और ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का शुभारंभ सीआरपीएफ के डीआईजी मदन कुमार ने किया। इसमें सीआरपीएफ के जवानों और अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया।जवानों और अधिकारियों द्वारा दान किए गए रक्त को जनपद और आसपास के ब्लड बैंकों में सुरक्षित रखा जाएगा। इसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है, खासकर तब जब विभिन्न ब्लड ग्रुप का रक्त मिलना मुश्किल हो जाता है। यह पहल कई लोगों की जान बचाने में सहायक होगी। सीआरपीएफ के डीआईजी मदन कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सीआरपीएफ हमेशा देश की जरूरत पड़ने पर आगे रही है।

### पीड़ित बोला- सचिव ने झूठी रिपोर्ट लगाई

**अमेठी में तीन महीने से हैंडपंप खराब होने की शिकायत सीएम हेल्पलाइनपर की थी**

अमेठी , भेटुआ विकास खंड की ग्राम पंचायत टिकाकर में हारीपुर-धम्मौर मार्ग पर लगा इंडिया मार्का हैंडपंप पिछले तीन महीने से खराब है।इससे इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और स्कूली बच्चों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।सड़क किनारे चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले राजनाथ पाल ने बताया कि उन्होंने हैंडपंप ठीक कराने के लिए कई बार ग्राम प्रधान से संपर्क किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने 27 जनवरी को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई थी।राजनाथ पाल का आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव चंद्रभान ने 9 फरवरी को शिकायत का निस्तारण दिखाते हुए झूठी रिपोर्ट लगा दी

# गिरजापुरी में आयोजित हुआ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच।तहसील मिहीपुरवा अंतर्गत गिरिजा पुरी स्थित सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यालय में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी ने किया ।जिसमें क्षेत्र की ग्रामीण और वनवासी महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विभिन्न वनग्रामों जैसे भवानीपुर बिछिया, टेडिया, ढकिया आदि से राजस्व ग्राम बने गांवों की महिला नेताओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया ।कार्यक्रम की शुरूआत जंग हिंदुस्तानी के संबोधन से हुई। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, ₹यह दिन केवल महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव ही नहीं, बल्कि उनके लंबे संघर्षों की याद दिलाने वाला भी है।यह हमें सशक्तिकरण की दिशा में प्रतिबद्धता मजबूत करने का संदेश देता है।₹ उन्होंने बताया कि 1900 के दशक से शुरू हुई यह वैश्विक परंपरा आज दुनिया भर में लैंगिक समानता का प्रतीक बन चुकी है। भारत संदर्भ में जंग हिंदुस्तानी ने जोर देकर कहा कि सदियों से महिलाएं परिवार और समाज की रीढ़ रहीं हैं, इसलिए यह दिन हम सभी के लिए खास है ।सामुदायिक नेता फगुनी प्रसाद ने अपने भावुक संबोधन में कहा, ₹महिलाओं को पुरुषों जैसी बनने की कोई आवश्यकता नहीं। वे अपनी भावनाओं, संवेदनाओं और अद्भुत क्षमताओं से ही पूर्ण और अद्वितीय हैं। मां, बहन, पत्नी और बेटी के रूप में वे परिवार व समाज को संभालती हैं तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं ।₹ उनके शब्दों ने उपस्थित महिलाओं में उत्साह भर दिया ।राम समुझ मौर्य ने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत की महिलाओं ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक विकास तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई की वीरता, सरोजिनी नायडू की काव्यात्मक नेतृत्व, कल्पना चावला की अंतरिक्ष यात्रा और इंदिरा गांधी की राजनीतिक दृढ़ता का जिक्र किया। ₹इन महिलाओं का योगदान इतिहास के पन्नों में अमर है, जो हमें प्रेरित करता रहता है,₹ उन्होंने जोर देकर कहा। समाजसेवी बच्चे लाल ने संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), 15 (भेदभाव का निषेध) और 16 (सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर) लैंगिक समानता की गारंटी देते हैं।लेकिन उन्होंने बहराइच जैसे ग्रामीण और वन क्षेत्रों की वास्तविकता पर रोशनी डाली, जहां महिलाएं खेती, वन संरक्षण और पारंपरिक चिकित्सा में अग्रणी हैं, परंतु शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी बड़ी बाधा बनी हुई है ।महिला नेता मीरा देवी ने स्थानीय चुनौतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाओं में 50 प्रतिशत से अधिक एनीमिया की समस्या व्याप्त है।इसके अलावा घरेलू हिंसा, बाल विवाह और कार्यस्थल पर भेदभाव जैसी समस्याएं अभी भी आम हैं। उन्होंने जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर बल दिया ।दीपक यादव ने पर्यावरणीय संदर्भ जोड़ते हुए चेतावनी दी कि वन निवासी महिलाओं के लिए जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि उनकी आजीविका जंगलों पर निर्भर है। वनों की कमी से उनकी पारंपरिक जीवनशैली प्रभावित हो रही है।कार्यक्रम में सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट की महिला स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में सभी वक्ताओं ने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में कदम उठाने का आह्वान किया ।इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किसानों को दी गई गन्ना बोआई की जानकारी

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। शनिवार को जिला गन्ना अधिकारी बहराइच आनंद कुमार शुक्ला एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नानपारा मनोज कुमार उपाध्याय ने ग्राम सभा लौकाही में गोविंद शुगर मिल ऐरा के परिक्षेत्र में किसान बुद्धिसागर तिवारी के खेत पर बसंतकालीन गन्ना बुआई का प्रदर्शन प्लॉट लगवाया। इस दौरान चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) बीरम सिंह राठौर व गन्ना प्रबंधक पंकज कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे ।कार्यक्रम के दौरान किसान बुद्धिसागर तिवारी पुत्र वेंकटेश्वर तिवारी के प्लॉट में गन्ना प्रजाति कोलख 16202 एवं 14201 की बुआई कराई गई तथा किसानों को सरकार द्वारा संचालित गन्ना विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को गन्ने के साथ सहफसल लगाने के लिए प्रेरित करते हुए चीनी मिल की ओर से मूंग के बीज के पैकेट भी वितरित किए ।इस अवसर पर चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) बीरम सिंह राठौर ने किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुआई से मिलने वाले लाभ और मिल द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपना गन्ना कोल्हू व क्रेशर पर न डालें और इस वर्ष पूरा गन्ना चीनी मिल को ही आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा मजबूत करें। कार्यक्रम में सम्मानित कृषक गुरुप्रीत सिंह, पूर्व प्रधान गणेश, मनोज शुक्ला, अवधेश मिश्रा, सुभनारायण व दीनदयाल सहित कई किसान उपस्थित रहे।



# जिलाबदर अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमेठी में अभियुक्त पर पांच गंभीर आपराधिक मामले दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , पुलिस ने जिलाबदर अपराधी परमानन्द यादव उर्फ परमा यादव को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गौरीगंज थाना क्षेत्र में उसके घर के पास से हुई। पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके बाद वांछितों की तलाश और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान परमानन्द यादव को पकड़ा गया। परमानन्द यादव, पुत्र चन्द्रिका यादव, मिश्रौली वार्ड सं0 10, थाना गौरीगंज, जनपद अमेठी का निवासी है और उसकी उम्र 22 वर्ष है। गौरीगंज पुलिस उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर रही है। अभियुक्त परमानन्द यादव के खिलाफ गौरीगंज थाने में मु0अ0सं0 58/26 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डागर्दी नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज है, जिसके तहत उसे जिलाबदर किया गया था।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बी.एल. रावत और कांस्टेबल अमित प्रताप सिंह शामिल थे। परमानन्द यादव का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ गौरीगंज थाने में पांच गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# ताबड़तोड़ कार्रवाई और जनसंवाद से बनीं जनता की पसंदीदा अधिकारी एसडीएम मोनालिसा जौहरी

**निष्पक्ष प्रशासन, संवेदनशील कार्यशैली और सख्त फैसलों से बनाई अलग पहचान**

**जहां भी रहीं तैनात, वहां मजबूत हुआ प्रशासन और बढ़ा जनता का विश्वास**

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। प्रशासनिक सेवा में संवेदनशीलता, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपनी अलग पहचान बनाने वाली एसडीएम मोनालिसा आज महिला नेतृत्व की एक सशक्त और प्रेरणादायी मिसाल बन चुकी हैं। अपनी सक्रिय कार्यशैली, सख्त प्रशासनिक फैसलों और जनसंवाद के माध्यम से उन्होंने न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत किया है, बल्कि आम जनता के बीच भी एक भरोसेमंद और जनप्रिय अधिकारी की छवि स्थापित की है। मूल रूप से बरेली की निवासी मोनालिसा ने वर्ष 2011 में सिविल सेवा में चयनित होकर प्रशासनिक सेवा में कदम रखा। कठिन परिश्रम, संघर्ष और दृढ़ संकल्प के बल पर हासिल की गई यह उपलब्धि उनके व्यक्तित्व की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सेवा में आने के बाद उन्होंने हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते हुए प्रशासनिक कार्यशैली की एक अलग मिसाल कायम की। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रशासन केवल आदेशों और नियमों का ढांचा नहीं होता, बल्कि यह जनता और शासन के बीच विश्वास की वह मजबूत कड़ी होता है जो व्यवस्था की स्थिरता तय करता है। एसडीएम मोनालिसा की कार्यशैली इसी सोच को दर्शाती है। वे अपने पद को अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी के रूप में देखती हैं और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेती हैं। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता जनता से सीधा संवाद और समस्याओं के त्वरित समाधान की प्रतिबद्धता है। वे आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनती हैं और उनके समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करती हैं। यही वजह है कि क्षेत्र की जनता के बीच उनकी पहचान एक सुलभ, संवेदनशील और भरोसेमंद अधिकारी के रूप में बनी है। जहां-जहां उनकी तैनाती रही, वहां उन्होंने अपने दृढ़ प्रशासनिक निर्णयों और ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध गतिविधियों और अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाया। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई हो या प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना, हर मोर्चे पर उन्होंने अपने मजबूत नेतृत्व का परिचय दिया। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वे प्रशासनिक जिम्मेदारियों को केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि मैदान में उतरकर व्यवस्था को मजबूत बनाने में विश्वास करती हैं। यही कारण है कि जहां भी उन्होंने कार्य किया, वहां उनकी अलग और प्रभावशाली प्रशासनिक पहचान बनी। आज भी उनको उन जनपदों में याद किया जाता है जहां वह तैनात रह चुकी हैं। महिला सशक्तिकरण के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए एसडीएम मोनालिसा का कहना है कि आज की महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। यदि उन्हें उचित अवसर और सही मार्गदर्शन मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर सकती हैं। दरअसल किसी भी प्रशासनिक पद की असली गरिमा उसके अधिकारों में नहीं, बल्कि उस सेवा भावना और जनहित के प्रति समर्पण में होती है जिसके साथ उसे निभाया जाता है। एसडीएम मोनालिसा की कार्यशैली इसी भावना का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उनका यह सफर न केवल महिला सशक्तिकरण की प्रेरक कहानी है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जब महिलाएँ नेतृत्व की भूमिका निभाती हैं तो वे संवेदनशीलता और दृढ़ता के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव की नई दिशा तय कर सकती हैं।

### एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी की कार्यशैली के संबंध में कुछ प्रमुख बातें

- जनता के बीच भरोसे का नाम बनीं एसडीएम मोनालिसा
- जहां भी रही तैनाती, वहां प्रशासनिक सख्ती और व्यवस्था मजबूत
- अवैध अतिक्रमण और अवैध गतिविधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई से बनाई पहचान
- संवेदनशीलता और सख्त प्रशासन का संतुलन उनकी कार्यशैली की पहचान
- जनसंवाद और समस्याओं के त्वरित समाधान को देती हैं प्राथमिकता
- निष्पक्ष और पारदर्शी प्रशासन से जनता का जीता विश्वास
- जहां-जहां भी रहीं तैनात वहां उन्होंने अपनी बनाई एक अलग पहचान
- सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कर चुके हैं मोनालिसा जौहरी की कार्यशैली की सराहना

# खामेनेई की मौत के बाद अमेठी में विरोध प्रदर्शन

## शिया मुसलमानों ने अमेरिका और इजराइल मुदार्बाद के नारे लगाए

अमन लेखनी समाचार



अमेठी ,ईरान के सर्वोच्च नेता और शिया धर्मगुरु आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में विरोध प्रदर्शन हुआ। शिया बाहुल्य गांव भनौली में बड़ी संख्या में शिया मुसलमानों ने अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शनकारियों ने हाथों में खामेनेई की तस्वीरें ले रखी थीं। यह विरोध प्रदर्शन खामेनेई की मौत के बाद शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार, खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के दौरान उनकी मृत्यु हुई थी। अमेठी के मुसाफिरखाना स्थित भनौली गांव में शिया समुदाय के लोगों ने इस घटना पर अपना दुख व्यक्त किया और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नारे लगाए ।गांव की मस्जिद के बाहर सैकड़ों की संख्या में शिया समुदाय के लोग इकट्ठा हुए। उन्होंने खामेनेई की तस्वीर लेकर पूरे गांव में घूमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ₹अमेरिका मुदार्बाद₹ और ₹इजराइल मुदार्बाद₹ के नारे लगाए गए। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने कहा, ₹कितने खामेनेई मारोगे, हर घर से खामेनेई निकलेगा ।₹ इस विरोध प्रदर्शन में मोहम्मद आका, सिब्ते मोहम्मद, जोहर अब्बास, सलमान हैदर, मौलाना खादिम सहित कई लोग शामिल रहे।

# भाजपा नेता ने पड़ोसी के सीने पर तानी पिस्टल

## बोला- मार डालेंगे; 500 रुपए के होली के चंदे को लेकर हुआ विवाद

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , भाजपा नेता ने पड़ोसी के सीने पर पिस्टल तान दी।कहा- तुम्हें गोली मार देंगे। पड़ोसी के भांजे और भाजपा नेता के नाबालिग बेटे के बीच होली के 500 रुपए के चंदे को लेकर विवाद हुआ था।दोनों के बीच जमकर गाली-गलौज हुई। इसका पता चलते ही पड़ोसी विशाल शर्मा भाजपा नेता के घर पहुंच गया। विशाल के मुताबिक, घर पर भाजपा नेता हेमंत गर्ग नहीं मिले। वहां उनके नाबालिग बेटे से कहासुनी हो गई। बेटा घर से पिस्टल निकाल आया और 3 राउंड फायरिंग कर दी। विवाद बढ़ता देख पत्नी ने फोन करके भाजपा नेता हेमंत को दुकान से बुला लिया। आरोप है कि भाजपा नेता ने बेटे को समझाया नहीं, बल्कि पड़ोसी विशाल से भिड़ गए। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और दोनों को अलग किया। हेमंत गर्ग भाजपा के व्यापार मंडल के महामंत्री हैं।घटना बन्नादेवी थाना क्षेत्र की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और भाजपा नेता और उसके बेटे को पकड़कर थाने ले गई। हालांकि, थाने के बाहर से ही नाबालिग बेटा भाग गया। पुलिस ने भाजपा नेता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसके बाद जेल भेज दिया।पुलिस के मुताबिक, हेमंत गर्ग शिवपुरी इलाके में परिवार के साथ रहते हैं।उनकी मामू-भांजा इलाके में मोबाइल शॉप की दुकान है।उनके घर से थोड़ी दूरी पर विशाल शर्मा का घर है। वह पहले परचून की दुकान चलाता था, जो अब बंद हो चुकी है।हेमंत गर्ग के बेटे से विशाल शर्मा के हमउम्र भांजे ने होली के लिए 500 रुपए चंदा मांगा था। बेटे ने देने से मना कर दिया। शाम को दोनों के बीच मोबाइल पर गाली-गलौज हुई। विशाल के भांजे ने इसकी जानकारी अपने मामा को दी। इसके बाद मामा डंडा लेकर हेमंत गर्ग के घर पहुंच गए। दोनों के बीच कहासुनी हुई और विवाद हो गया ।पड़ोसी बोला- भाजपा नेता के बेटे ने मुझ पर गोलियां चलाईंपड़ोसी विशाल शर्मा ने बताया- भाजपा नेता के बेटे ने भांजे से गाली-गलौज की थी और उसे मारने की धमकी दे रहा था। उसने फायरिंग की। गोली मेरे कान के पास से होकर गुजर गई। मैं बाल-बाल बचा।

# एसएसजी कमांडो की मौत, 3 दोस्तों की हालत गंभीर

## हाथरस में तेज रफ्तार थार पेड़ से टकराई, गेट-पहिए टूटकर अलग

अमन लेखनी समाचार




हाथरस, 32 साल के एसएसजी कमांडो की हादसे में मौत हो गई।उनके 3 दोस्तों की हालत गंभीर है। कमांडो योगेंद्र सिंह उर्फ भूरा को दोस्त के घर हाथरस में होली खेलने थार से आए थे। सुबह वापस मथुरा लौट रहे थे। थार योगेंद्र ही चला रहे थे। रास्ते में अचानक थार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने चारों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां कमांडो की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि थार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गेट और पहिए तक अलग हो गए।एयरबैग खुला, लेकिन कमांडो की जान नहीं बच सकी। हादसा सुबह करीब 3 बजे सादाबाद थाना क्षेत्र में हुआ। दोस्त के घर से होली खेलकर लौट रहे थे मथुरा के राया क्षेत्र के रहने वाले कमांडो योगेंद्र सिंह थे। उनके तीन दोस्त विष्णु कुमार, सत्यवीर सिंह और जीतू भी इसी इलाके के रहने वाले हैं। विष्णु (28) नेवी में हैं। उनकी तैनाती विशाखापत्तनम में है, जबकि सत्यवीर (32) और जितेंद्र (30) मथुरा में ही रहते हैं। होली पर योगेंद्र अपने तीनों दोस्तों विष्णु कुमार, सत्यवीर सिंह और जीतू के साथ हाथरस में रहने वाले एक दोस्त से मिलने गए थे। घर पर होली खेलने के बाद वे हाथरस के लिए निकले और वहां दोस्त के घर होली खेली। मथुरा लौट रहे थे। सादाबाद थाने के पल्हावत गांव के पास पहुंचे ही थे कि थार अनियंत्रित हो गई। पुलिस ने एंबुलेंस से सभी को अस्पताल पहुंचाया।सादाबाद उलउ में प्राथमिक इलाज के बाद आगरा रेफर कर दिया। आगरा पहुंचने पर परिजनों ने कमांडो योगेंद्र सिंह को मिलिट्री हॉस्पिटल मथुरा में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**घर लौटते समय हुआ हादसा, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , लालगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसे में 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शाम करीब सात बजे लालगंज से घर लौटते समय एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। यह हादसा नया का पूरवा, बेल्हा मोड़ के पास नेशनल हाईवे पर हुआ। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जांच की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान वेद प्रकाश मिश्रा उर्फ भानु (33) पुत्र राजेंद्र प्रसाद मिश्रा उर्फ भोला, निवासी बेल्हा हिराऊ का पुरवा के रूप में हुई है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चे छोड़ गया है ।सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात चार पहिया वाहन की तलाश कर रही है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।

# प्रतापगढ़ में क्राकरी स्टोर में लगी आग

## लाखों का सामान राख, फायर ब्रिगेड ने घंटों बाद पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद बाजार में देर रात एक क्राकरी स्टोर में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।सैफाबाद बाजार निवासी आजाद खान पुत्र रहीम खान और महफूज खान पुत्र मंजुल खान की यह क्राकरी दुकान है। रात अचानक दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड पट्टी के प्रभारी आदर्श कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनकी टीम में योगेंद्र यादव, आकाश कुमार, अमरजीत कुमार, श्रीप्रकाश, मणिसेन, अश्वनी कुमार और मंजेकर कुमार शामिल थे। फायर कर्मियों ने काफी देर तक कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश क्राकरी का सामान जलकर नष्ट हो चुका था। आग लगने से दुकान के अंदर रखा महंगा क्राकरी सामान, कांच के बर्तन और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सैफाबाद चौकी के उपनिरीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### कार-बाइक की टक्कर, पांच लोग घायल

#### मीतली तिराहे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

बागपत , बागपत के मीतली तिराहे पर बृहस्पतिवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि एक तेज रफ्तार कार ने गलत दिशा से आकर बाइक सवार को टक्कर मार दी।इस हादसे में कुल पांच लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, गौरीपुर मीतली गांव निवासी जितेंद्र मीतली तिराहे पर डिस्पोजेबल पेपर प्लेट की दुकान चलाते हैं। गुरुवार रात करीब नौ बजे वह अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार गलत दिशा से आई और उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि जितेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल जितेंद्र को संभाला। सूचना मिलने पर उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जितेंद्र की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि, कार में सवार चार अन्य लोग भी इस दुर्घटना में मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक और कार को हाइवे से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार कार चालक की तलाश जारी है।इस हादसे के बाद क्षेत्र में तेज रफ्तार और गलत दिशा में वाहन चलाने को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।

### एसपी ने 6 इंस्पेक्टर, 3 दरोगाओं का किया तबादला

#### दीक्षित त्यागी बड़ौत कोतवाली प्रभारी बने, इंस्पेक्टर मनोज थाना सिंघावली अहीर गए

बागपत , एसपी सूरज राय ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 6 इंस्पेक्टर और 3 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इन तबादलों के तहत कई महत्वपूर्ण थानों में नए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। रमाला थाना प्रभारी बच्चू सिंह का सहारनपुर तबादला होने के बाद उन्हें पुलिस लाइन से संबद्ध किया गया है। वहीं, इंस्पेक्टर दीक्षित त्यागी को बड़ौत कोतवाली का नया प्रभारी बनाया गया है। दरोगा सूर्यदीप को दोघट थाने से हटाकर रमाला थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है।रमाला थाने का अतिरिक्त प्रभार अब दरोगा केवल सिंह को सौंपा गया है, जो इससे पहले पीआरओ के पद पर कार्यरत थे। थाना सिंघावली अहीर के प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह को साइबर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। इंस्पेक्टर मनोज चल को थाना सिंघावली अहीर का नया प्रभारी बनाया गया है।थाना शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी जितेंद्र कुमार को पीआरओ नियुक्त किया गया है।

### रोहटा में 18 बिजली खंभे, ट्यूबवेल से लाखों की चोरी

#### पुलिस चौकी से 500 कदम दूर हुई वारदात, ग्रामीण आक्रोशित

सरधना , रोहटा क्षेत्र के आजमपुर गांव में बुधवार रात चोरों ने बेखौफ होकर विद्युत लाइन और ट्यूबवेलों को निशाना बनाया। चोर 18 बिजली के खंभों की लाइन चोरी कर ले गए, जिससे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके साथ ही, डेढ़ दर्जन से अधिक ट्यूबवेलों से लाखों रुपये का सामान भी चुरा लिया गया

# विद्यालय में अबीर गुलाल के साथ बही फगुआ बयार

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को जनपद के प्रतिनिधियों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत पंडित विशंभरनाथ इंटर कॉलेज मकरंदपुर में भव्य सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय हरि नारायण दुबे उर्फ नंदन बाबू की धर्मपत्नी राजरानी दुबे द्वारा की गई वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष की सुपुत्री डॉक्टर उत्प्रेक्षा त्रिवेदी एवं रेणुका पाण्डेय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव खागा विधानसभा की विधायिका कृष्णा पासवान श्रीपाल पासवान जहानाबाद विधानसभा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल तथा पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी समेत भारी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय पंडित हरिनारायण दुबे उर्फ नंदन बाबू की प्रतिमा में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अबीर गुलाल से होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया वही कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम की अगुवाई कर रही डॉक्टर उत्प्रेक्षा त्रिवेदी ने प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर आभार व्यक्त किया उन्होंने अपने संबोधन में आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके पिता अमौली विकासखंड के पूर्व ब्लाक प्रमुख तथा जनपद के पूर्व जिला अध्यक्ष नंदन बाबू ने अपने पैतृक गांव मकरंदपुर में स्थापित शिक्षा के मंदिर पंडित विश्वभरनाथ दुबे इंटर कॉलेज में विगत तीन दसक पहले से प्रेम और सौहार्द से परिपूर्ण इस पर्व को प्रतिवर्ष होली मिलन समारोह के रूप में मनाते रहे जिनके ना होने पर आज भी यह प्रथा निरंतर चली आ रही है कार्यक्रम अंतर्गत मंच पर सरस्वती पुत्र के रूप में विराजमान क्षेत्र के सुविख्यात गायक व्यास सागर सिंह धर्मेंद्र सिंह आदि ने अपनी स्वर लहरी से समूचे प्रांगण में समा बांध दिया वहीं क्षेत्र से पहुंची फाग की टोलियां ने फाग गायन करते हुए तालियां बटोरी प्रांगण में मौजूद सभी लोगों ने अबीर गुलाल तथा पुष्प वर्षा के साथ होली मिलन समारोह में चार चांद लगाए वहीं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से मौजूद चौकी प्रभारी अमौली दिग्विजय सिंह की टीम ने जगह-जगह मुस्तैदी दिखाई इस मौके पर नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम जहानाबाद पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष सिम्पू शिवहरे वरिष्ठ पदाधिकारी रज्जन लाल त्रिवेदी अरुण शुक्ला राजे अवस्थी समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे

### परिजनों से पीड़ित होकर युवती ने न्याय की लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के चौडगरा कस्बे में निवास करने वाली पीड़ित युवती गुड़िया पुत्री जामवंत निवासी लाल खेड़ा रायपुर थाना बारासगवर ने मूल निवास प्रशासन को ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल तथा लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाइ पीड़िता ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि वह पूर्ण रूप से बालिक है गृह कलह से पीड़ित होकर वह अपने परिजनों से अलग रहना चाहती है पीड़िता ने बताया उसके पिता तथा चाचा द्वारा आए दिन गलत आरोप लगाए जाते हैं वहीं पिता जामवंत तथा बसंत खेड़ा तहसील बिंदकी निवासी चाचा रामकुमार पुत्र स्वर्गीय त्रिलोकी आज की मारपीट से आहत होकर उसने घर छोड़ दिया है पीड़िता ने अपने बयान में कहा कि मैं अपना अच्छा बुरा पहचानती हूं तथा मेरे मामले को लेकर किसी भी व्यक्ति पर गलत आरोप ना लगाया जाए यदि लगाए जाते हैं तो वह निराधार होंगे मैं विवाह नहीं करना चाहती जबकि पिता तथा परिजन पीडिता का किसी गलत जगह दबाव डालकर विवाह कराना चाहते हैं पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल समेत लिखित तहरीर प्रस्तुत की तथा स्वतंत्र रूप से जीवन यापन के लिए न्याय की गुहार लगाई

# यूपीएससी में सफलता मिलने पर संघ ने किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के कालकन मंदिर, अहमदगंज निवासी अभिषेक सिंह (पुत्र गुलाब सिंह यादव) द्वारा संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) 2025 की परीक्षा में 835वीं रैंक हासिल करने पर हर्ष का माहौल है।अभिषेक की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने उनके निवास स्थान पर पहुँचकर उन्हें पुष्पहार पहनाकर और मिठाई खिलाकर भव्य सम्मान किया। अभिषेक ने अपनी शैक्षणिक योग्यता दिल्ली यूनिवर्सिटी (DU) से गणित विषय में परास्नातक के रूप में पूर्ण की और अपने पहले ही प्रयास में यह कठिन परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि अभिषेक ने न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे प्रदेश और जनपद का नाम रोशन किया है।अपनी सफलता पर चर्चा करते हुए अभिषेक सिंह ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि, ₹मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं होता है।₹ यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और कठिन परिश्रम का संकल्प हो, तो सफलता निश्चित मिलती है। कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल के श्रवण दीक्षित, आकाश सिंह भदौरिया, अनिल महाजन, सोनू, ओम प्रकाश द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने अभिषेक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# मेरठ में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर

#### बाइक क्षतिग्रस्त, युवक गंभीर घायल; चालक फरार; पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , इंचौली थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा इतना भीषण था कि टक्कर से बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 3 बजे यह दुर्घटना हुई। मेरठ की ओर से आ रही एक बलेनो कार ने मसूरी के पास मवाना की ओर से आ रही बाइक को टक्कर मारी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया।हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही इंचौली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने मौके से बरामद कार को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री के हिरण्यकश्यप पर टिप्पणी से नाराज कश्यप समाज

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, माफी न मांगने पर आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, होलिका दहन के अवसर पर योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए एक बयान को लेकर कश्यप समाज में नाराजगी देखने को मिली। सामाजिक न्याय पार्टी के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हिरण्यकश्यप की तुलना आतंकवादी, उग्रवादी गुंडा और माफिया से की, जिससे कश्यप समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि हिरण्यकश्यप को वे अपने पूर्वज और महर्षि कश्यप के वंशज के रूप में मानते हैं। ऐसे में एक चक्रवर्ती राजा की इस तरह से तुलना करना समाज के लिए अस्वीकार्य है।उनका कहना है कि इस बयान के बाद देशभर में कश्यप समाज के लोगों में आक्रोश है। समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि ज्योतिबा फुले ने अपनी पुस्तक गुलामगिरी में भी हिरण्यकश्यप से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख किया है।उनका कहना है कि इतिहास और परंपरा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक मंचों से टिप्पणी करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान सामाजिक न्याय पार्टी के उपाध्यक्ष राजेश तुराहा ने कहा कि 2 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होलिका से जुड़े प्रसंग पर बोलते हुए हिरण्यकश्यप के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप उनके पूर्वज हैं और महर्षि कश्यप के वंशज माने जाते हैं, इसलिए इस तरह की टिप्पणी से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं।

# 3 युवाओं का यूपीएससी में चयन

#### किसान के बेटे को मिली ऑल इंडिया रैंक-74, मुस्कान की 828 वीं रैंक

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , जारी हुए यूपीएससी परीक्षा के रिजल्ट में मेरठ के 3 युवाओं का चयन हुआ है। इसमें भगवतपुरा की मुस्कान, सरधना के बहादुरपुर गांव के हर्ष नेहरा और शास्त्रीनगर के तुषार गिरी हैं।रिजल्ट आते ही तीनों युवाओं के घर बधाई देने वाले लोगों की भीड़ लग गई है। तुषार गिरि मूल रूप से किला परीक्षितगढ़ क्षेत्र के गांव खटकी के निवासी हैं।उनका परिवार वर्तमान में मेरठ के शास्त्रीनगर में रहता है।उनके पिता शशिभूषण गिरि केंद्रीय विद्यालय में वाइस प्रिंसिपल हैं, जबकि माता नीता रानी गृहिणी हैं।बेटे की सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। इंटरव्यू के दौरान बोर्ड ने उनसे पहला सवाल उनके जीवन दर्शन (लाइफ फिलॉसफी) को लेकर पूछा था। तुषार ने इसका संतुलित और प्रभावशाली उत्तर दिया, जिससे बोर्ड के सदस्य काफी प्रभावित हुए और आखिरकार उन्हें सफलता मिली। तुषार को यह सफलता तीसरे प्रयास में मिली है। उन्होंने मुख्य परीक्षा में दर्शनशास्त्र (फिलॉसफी) को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना था।केंद्रीय विद्यालय से लेकर यूपीएससी पटना तक की पढ़ाईतुषार ने अपनी स्कूली शिक्षा केंद्रीय विद्यालय मेरठ से पूरी की, जहां उन्होंने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने एनआईटी पटना से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया।पढ़ाई पूरी करने के बाद उनका चयन प्रतिष्ठित कंपनी एलएंडटी में हो गया, जहां उन्होंने कुछ समय तक नौकरी भी की।खिलाड़ी भी हैं तुषार तुषार की सफलता की खबर मिलते ही परिवार में खुशी का माहौल बन गया।

# गाजियाबाद में 10वां श्री भक्तमाल जयंती उत्सव

## शंकराचार्य बोले- भारत को कमजोर करने की साजिशें हो रहीं, स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,लोहियानगर स्थित हिंदी भवन में संस्कार उपवन परिवार की ओर से 10वां श्री भक्तमाल जयंती उत्सव आयोजित किया गया।इस मौके पर श्री भक्तमाल कथा और संत समागम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संत-महात्मा और श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में उर्ध्वाम्नाय श्री काशी सुमेरू पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज और सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरि महाराज भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि कुछ ताकतें भारत को कमजोर करने और देश को बांटने की साजिश कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी साजिशों को नाकाम करने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर भी जोर दिया। शंकराचार्य ने कहा कि विदेशी शीतल पेय के बजाय गन्ने का रस, फलों का जूस और अन्य स्वदेशी पेय अपनाने चाहिए। उनका कहना था कि जब देशवासी स्वदेशी को अपनाएंगे और एकजुट रहेंगे, तब कोई भी ताकत भारत को नुकसान नहीं पहुंचा सकेगी। उन्होंने संत नाभादास द्वारा रचित ग्रंथ ह्यभक्तमालह्ण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी कथाएं भगवान की भक्ति और अच्छे जीवन की प्रेरणा देती हैं।इन कथाओं से सीख लेकर यदि व्यक्ति भक्ति और अच्छे कर्मों का पालन करे तो समाज और विश्व दोनों का कल्याण हो सकता है।वहीं महंत नारायण गिरि महाराज ने कथा व्यास नवनीत प्रियदास महाराज की सराहना की। उन्होंने कहा कि नवनीत प्रियदास महाराज भक्तमाल की कथाओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार दे रहे हैं।उनका कहना था कि समाज में बढ़ती बुराइयों का एक बड़ा कारण संस्कारों की कमी है और भक्तमाल की कथाएं युवाओं को सही दिशा दिखाने का काम करती हैं।संतों ने बताया कि भक्तमाल ग्रंथ भक्तों के त्याग, समर्पण और भगवान के प्रति प्रेम की प्रेरणादायक कथाओं से भरा हुआ है।इन कथाओं को सुनने से मन को शांति मिलती है और व्यक्ति को आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

# दुकानों को बचाने सड़कों पर उतरे सेंट्रल मार्केट के व्यापारी

## आवास विकास के कार्यालय पर दिया धरना महिलाएं बोलीं- ध्वस्तीकरण से पहले करेंगे आत्मदाह

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सेंट्रल मार्केट में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के विरोध में आज व्यापारियों ने मार्केट में पंचायत करने के बाद आवास विकास के कार्यालय पर महिलाओं के साथ धरना शुरू कर दिया है।व्यापारियों का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती हैं और हमें लिखित में यह आदेश नहीं मिलता कि हमारे प्रतिष्ठान नहीं टूटेंगे तब तक हम लगातार आवास विकास का विरोा करते रहेंगे महिलाओं की हुई बैठक में उन्होंने आवास विकास को चेतावनी दी है कि यदि उनके प्रतिष्ठानों पर बुलडोजर चलता है तो हम उसके सामने आत्मदाह कर लेंगे जिसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को बचाने के लिए हर तरीके से कोशिश कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है। जनप्रतिनिधियों से लेकर भगवान तक हर जगह राहत के लिए गुहार लगाने के बाद भी उनकी परेशानी कम नहीं हुई है।

### न्याय मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई- रेखा गुप्ता

सेंट्रल मार्केट से आवास विकास धरना देने पहुंची रेखा गुप्ता ने बताया कि हमारी रोजी रोटी पर आज ऐसा संकट आ गया है कि हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं।हमारी लड़ाई अब न्याय की है और जब तक हमे न्याय नहीं मिलता हम ऐसे ही संघर्ष करते रहेंगे। माननीय न्यायालय से भी हम पूछना चाहते हैं कि हमारे प्रतिष्ठान अगर टूट जाएंगे तो हमारा परिवार कैसे चलेगा।

### कमाई के बिना कैसे देंगे किश्त- बेबी राजमोगा

पिछले 30 सालो से सेंट्रल मार्केट में बुटिक चलाने वाली बेबी राजमोगा ने कहा कि हमने बच्चों की नौकरी छुडवाकर उनको भी यहां दुकानें कराई थी। अब अगर हमारी दुकानें टूट जाएगी तो हम अपना परिवार कैसे चलाएंगे जो लोन हमने लिया हुआ है उसकी किश्त कैसे बैंक को वापस देंगे।

### व्यापारियों के संघर्ष में रहेंगे साथ- सुदीप जैन

धरना स्थल पर पहुंचे सुदीप जैन ने कहा कि आज यहां यह सांकेतिक धरना इस बात का प्रमाण है कि हम अपने व्यापारी भाईयों के प्रतिष्ठान इतनी आसानी से नष्ट नहीं होने देंगे

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला एयरोड्रम लाइसेंस

#### जल्द शुरू होंगी कमर्शियल फ्लाइट्स, पहले चरण में घरेलू उड़ान और कार्गो सेवा

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, योगी सरकार की महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) परियोजना को बड़ी सफलता मिली है। एयरपोर्ट को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के बाद अब डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन से एयरोड्रम लाइसेंस भी मिल गया है।इसके साथ ही यहां से कमर्शियल फ्लाइट शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।जेवर एयरपोर्ट को देश के सबसे आधुनिक और बड़े एयरपोर्ट्स में विकसित किया जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाएगा।एयरोड्रम लाइसेंस मिलने का मतलब है कि एयरपोर्ट से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू की जा सकती हैं।यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक बड़ा एविएशन हब बनकर उभरेगा।सरकार का मानना है कि एयरपोर्ट के शुरू होने से प्रदेश में निवेश, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

# बहनोई की हत्या करने वाले दंपति को उम्रकैद

## जारचा के सलारपुर गांव का मामला, कुल्हाड़ी से मारा था, दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, जारचा थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव में करीब सात साल पहले हुई हत्या के मामले में पति-पत्नी को दोषी करार देकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र मोहन श्रीवास्तव की अदालत ने सलारपुर गांव निवासी आरोपी अली हसन और उसकी पत्नी गुलशन उर्फ हाजरा पर 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना जमा नहीं करते हैं तो उन्हें छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। एडीजीसी क्राइम नितिन त्यागी ने बताया कि अनुसार घटना 7 नवंबर 2018 की सुबह की है। सलारपुर गांव स्थित एक ईंट भट्टे के पास बने कमरे में सलीमुद्दीन उर्फ सलीम की हत्या कर दी गई थी। मामले में भट्टे के मुनीम ने जारचा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में बताया गया था कि वह सुबह भट्टे का काम देखने के लिए अली हसन को बुलाने उसके कमरे पर गए थे। कमरे के अंदर सलीमुद्दीन खून से लथपथ पड़ा हुआ था। कुल्हाड़ी से मारकर की हत्याउसी दौरान अली हसन का छोटा बेटा वहां मिला। बच्चे ने बताया कि उसके माता-पिता ने मिलकर उसके फूफा सलीम को कुल्हाड़ी और डंडों से मारकर हत्या कर दी है। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। तहरीर के आधार पर जारचा थाने में अली हसन और उसकी पत्नी गुलशन उर्फ हाजरा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

# एयरोड्रम लाइसेंस के 45 दिन बाद शुरू होंगी फ्लाइट

## पहले फेज में 10 शहरों के लिए उड़ान संभव, रोजाना 150 फ्लाइट का टारगेट

अमन लेखनी समाचार




नोएडा , इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ मार्च के अंत तक हो सकता है।एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मिल गया है। नियमों के अनुसार लाइसेंस मिलने के करीब 45 दिन के भीतर यहां से घरेलू और कार्गो उड़ानें शुरू होने की संभावना है। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट सेवाएं भी शुरू की जाएंगी।पहले चरण में करीब 10 शहरों के लिए घरेलू उड़ानें शुरू होने की उम्मीद है। एयरपोर्ट का एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम (अरढ) फिलहाल बीसीएएस के पास अंतिम मंजूरी के लिए लंबित है। यह मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट के उद्घाटन की तारीख, एयरलाइन शेड्यूल और टिकट बिक्री की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी। एयरपोर्ट से उड़ान शुरू करने के लिए इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संचालन की पुष्टि कर दी है। इसके अलावा कई अन्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस से भी बातचीत चल रही है।दिसंबर 2024 में हुआ था ट्रायलदिसंबर 2024 में इंडिगो के एयरबस अ320 विमान ने यहां सफल वैलिडेशन फ्लाइट की थी। इस दौरान रनवे, नेविगेशन सिस्टम और एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की जांच की गई थी। रोजाना करीब 150 फ्लाइट का अनुमानएयरपोर्ट से रोजाना करीब 150 उड़ानों के संचालन की संभावना जताई जा रही है।

# गुणवत्तापूर्ण डेटा बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं की नीव-डॉ राजेश झा

**सीएमओ की अध्यक्षता में हुई डेटा वेलीडेशन सम्बन्धी मासिक बैठक**

**ई-कवच पर रिपोर्टिंग और आभा आईडी पर रहेगा विशेष जोर**



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जिले के सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण डेटा बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं की नीव हैं। इनके जरिये गैप एनालिसिस कर उच्च स्तरीय सेवाएं दे पाना संभव होता है। यह बातें उन्होंने जिले के स्वास्थ्य महकमे के डेटा वेलीडेशन कमेटी की मासिक बैठक के दौरान कहीं। बैठक का आयोजन सीएमओ कार्यालय के प्रेरणा श्री सभागार में शनिवार को हुआ। मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डॉ झा ने ई-कवच पर रिपोर्टिंग और आभा आईडी पर विशेष जोर दिया। सीएमओ ने कहा कि डेटा सम्बन्धी कार्यों में सुधार के कारण यूपी हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में जिले की स्थिति बेहतर बनी हुई है। गोरखपुर जिला टॉप फाइव में बना हुआ है। इसे स्थिर रखने के लिए डेटा की सटीकता पर जोर देना होगा। जहां कहीं भी डेटा सम्बन्धी गैप दिखे उसे दूर करना होगा। प्रत्येक ब्लॉक पर इसकी सघन निगरानी की जानी चाहिए और इस सम्बन्ध में बैठकें भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आभा आईडी का सृजन और उसकी रिपोर्टिंग शासन की प्राथमिकता में है। यह प्रत्येक ब्लॉक की भी प्राथमिकता होनी चाहिए। डॉ झा ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन में ई-कवच पर रिपोर्टिंग की अहम भूमिका रही है। सही रिपोर्टिंग के जरिये हम छूटे हुए क्षेत्रों और वंचित लाभार्थी समूहो पर फोकस कर पाते हैं। यह रिपोर्टिंग सही से हो इसके लिए आशा स्तर से लेकर जिला स्तर तक सतर्कता बरतनी होगी। डेटा एक टीम भावना का काम है और इसके लिए सभी को समन्वय बना कर काम करना होगा। इस अवसर पर एसीएमओ आरसीएच डॉ एके चौधरी, डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश, डॉ अश्विनी चौरसिया, डीपीएम पंकज आनंद, डीडीएम पवन कुमार और एचएमआईएस सहयोगी मनीष त्रिपाठी सहित सभी ब्लॉकों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# चैनपुर में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए शिक्षकों का शुरू हुआ 3 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के भीमापार चैनपुर स्थित जिउत दास इंटर कॉलेज में शुक्रवार से आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए शिक्षकों का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सीताराम यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कहा कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों को उनकी कक्षा के अनुरूप दक्ष बनाया जाना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। प्रशिक्षण ले रहे नोडल शिक्षक बच्चों को दक्ष बनाना सुनिश्चित करें। आउट ऑफ स्कूल बच्चों की नियमित उपस्थिति व उनकी शिक्षण-अधिगम व्यवस्था पर समुचित ध्यान देने की जरूरत है। यदि ध्यान नहीं दिया गया तो इन बच्चों के पुनः ड्रॉप आउट होने की आशंका बनी रहेगी। संदर्भदाता एआरपी रमेश राय, रविन्द्र यादव, मनोज मिश्रा, पंकज यादव यादव ने



आउट ऑफ स्कूल बच्चों के ठहराव और नियमित उपस्थिति के लिए रुचिकर शिक्षण, खेल आदि के विभिन्न तरीके बताए। इस मौके पर संजय सिंह, विजय शंकर सिंह, विशेष शिक्षक अखिलेश यादव, शालिनी कुशवाहा आदि रहे।

# आईएएस बना डीएवी रिंहदनगर का पूर्व छात्र




अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर का पूर्व छात्र सौरभ गुप्ता देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित परीक्षा यूपीएससी 2026 को क्रैक कर इतिहास में अपना नाम दर्ज कर दिया है।आज पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सौरभ गुप्ता ने 783 रैंक हासिल कर न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है; बल्कि अपने माता-पिता के साथ साथ पूरे क्षेत्र को गर्व से भर दिया है। यह सफलता सौरभ गुप्ता के कठिन परिश्रम, संकल्प तथा विद्यालय द्वारा दिए गए संस्कार का परिणाम है। सौरभ के पिताजी रामजी गुप्ता दवा व्यवसायी के साथ-साथ प्रसिद्ध समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। उनकी मां श्रीमती गिरिजा देवी कुशल गृहणी है। सौरभ के बड़े भाई आशुतोष और शुभम दवा व्यवसाय के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं। सौरभ बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि का रहा है। दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में सौरभ ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। प्राचार्य श्री राजकुमार ने बताया कि सौरभ ने प्रथम प्रयास में ही आईआईटी एडवांस पास कर आईआईटी पटना से इंजीनियरिंग करने के उपरांत 'एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड' में जेई एटीसी के पद पर तैनात हैं। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक अनन्त मोहन ने बताया कि सौरभ को प्रशासनिक सेवा के माध्यम से देश और समाज के लिए कुछ विशेष करने की चाहत बचपन से रही है। उन्होंने बताया कि सौरभ ने साबित कर दिया कि डीएवी स्कूल संस्कार युक्त उच्च कोटि की शिक्षा देने वाली संस्था है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ आर के झा, विजय तिवारी, डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव, डी सी शुक्ला, एस पी तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव के साथ सभी शिक्षकों ने सौरभ गुप्ता को ढेर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सौरभ प्रशासनिक सेवा में जाकर देश, समाज और मानवता के लिए उत्कृष्ट कार्य करेगा। प्राचार्य राजकुमार ने सौरभ को बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खास समाचार

# श्रीमती कमलेश पाठक को मिलेगा इंडिया नेटबुक्स का प्रतिष्ठित साहित्य भूषण सम्मान

अमन लेखनी समाचार



मुंबई ।वरिष्ठ कवयित्री व आकाशवाणी मुंबई की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमलेश पाठक को बीपीए फाउंडेशन व इंडिया नेटबुक्स द्वारा प्रायोजित साहित्यकार सम्मान उत्सव में ₹इंडिया नेटबुक्स साहित्य भूषण सम्मान ₹ से सम्मानित किया जायेगा ।प्रख्यात कथाकार ममता कालिया की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने उनका चयन किया है ।इसके संयोजक डॉ संजीव कुमार हैं। चार दशक तक आकाशवाणी से संबद्ध रहीं श्रीमती कमलेश पाठक मूलतः कवयित्री हैं ।उनका कविता संग्रह ₹किताबें नदी होती हैं₹ चर्चित और पुरस्कृत है। इस मौके पर बलदेव भाई शर्मा को वेद व्यास शिखर सम्मान ,संतोष चौबे को विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान सहित कई शिक्षा विद, कथाकार, कवि व अन्य विधाओं से जुड़े रचनाधर्मियों को दिल्ली के पांच सितारा होटल क्राउन प्लाजा में 14 मार्च को आयोजित सम्मान उत्सव में सम्मानित किया जायेगा।

# महाराष्ट्र में कहां बनेगी 'चौथी मुंबई', मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बजट में की घोषणा

अमन लेखनी समाचार

मुंबई ,मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा पेश किए गए 2026-27 के बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं. इसमें ह्यचौथी मुंबईह्न (वढवण) विकसित करने की बड़ी घोषणा की गई है. इसके साथ ही 20 लाख झोपड़पट्टी घरों के पुनर्वास और 10 लाख किफायती घर बनाने की योजना भी प्रमुख है. मुंबई और पुणे शहरों के लिए अंडरग्राउंड टनल, 1200 किमी मेट्रो नेटवर्क और 6000 किमी एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया गया है. इससे राज्य के बुनियादी ढांचे और शहरी विकास को गति मिलने की उम्मीद है.

चौथी मुंबई कहां बनेगी

चौथी मुंबई वढवण के पास विकसित की जाएगी.

एमएमआर क्षेत्र में 10 लाख नए घर बनाए जाएंगे.

नए अवैध निर्माण न हों, इसके लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा.

राज्य में 1200 किमी मेट्रो मार्ग और 6000 किमी एक्सप्रेसवे विकसित किए जाएंगे.



2029 तक 165 किमी मेट्रो कॉरिडोर तैयार किए जाएंगे.

मुंबई के लिए बजट में क्या है

राज्य में शहरी विकास के कारण 70% आबादी शहरों में होगी, इसलिए शहरी सेवाओं को डिजिटल किया जाएगा. बुलेट ट्रेन के तीन स्टेशन 2027 तक पूरे हो जाएंगे. तीसरी मुंबई के रूप में उरण क्षेत्र का विकास होगा, जबकि चौथी मुंबई वढवण में विकसित की जाएगी. मुंबई में अवैध निर्माण रोकने के लिए प्रयास किए जाएंगे. एमएमआर में 10 लाख नए घर बनाए जाएंगे, और नए अवैध निर्माण रोकने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा. मुंबई और पुणे को 50 अरब डॉलर का आर्थिक केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है. दुनिया में गेमिंग क्षेत्र में अग्रणी बनने के लिए महाराष्ट्र में 295 से अधिक गेमिंग स्टूडियो बनाने का प्रयास किया जाएगा. मुंबई में केंद्र सरकार की मदद से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी शुरू किया जाएगा. राज्य में 1,200 किमी मेट्रो मार्ग और 6,000 किमी एक्सप्रेसवे विकसित किए जाएंगे. 2029 तक 165 किमी मेट्रो कॉरिडोर तैयार किए जाएंगे. दक्षिण मुंबई को समृद्धि महामार्ग से जोड़ने के लिए 2028 तक काम करने का प्रयास किया जाएगा. वसोर्वा-भाईंदर कोस्टल रोड दिसंबर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है. पनवेल से कर्जत रेल मार्ग अंतिम चरण में है और जल्द ही यातायात के लिए खोला जाएगा. मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन मार्ग के तीन स्टेशनों का काम 2027 तक पूरा होगा. शहरों के विकास के लिए 10 सिटी डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाई जाएंगी. विदेशी निवेश में महाराष्ट्र अग्रणी है, इसलिए मुंबई, दुबई और सिंगापुर में पर्यटन निवेश कक्ष शुरू किए जाएंगे.

# लापरवाही ! छ्तोह की खंडहर सड़कों से परेशान ग्रामीण फिर भी जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर

**दर्जनों से अधिक खंडहर पड़ी सडके और जिम्मेदारो ने आंख कान किए बंद डामरीकरण के लिए तरसी सड़के एक के साथ दूसरा विभाग भी सोया बिन पोल के जल रही बिजली**



अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद रायबरेली/एक ओर जहां प्रदेश सरकार बिकास का ढिंढोरा पीटती और सड़क पर गड्ढा मुक्त का दावा करती वही उनके जिम्मेदार मातहत सरकार पर इस तरह पलीता लगा रहे कि मानो सब कुछ चकाचक है लेकिन यह चकाचक केवल सरकारी गोरे कागजों पर ही देखने को मिलेगा हकीकत में आज भी छतोह ब्लाक बिकास लिए खून के आंसू जैसा रोना है और डामरीकरण के सड़के तरस रही है जिसका आने वाला 2027 में विधानसभा चुनाव में ईसका क्या परिणाम होगा अभी से क्षेत्र में आभास लग रहा है बताते चले की छतोह में आज भी सड़के पूरी तरह धोस्त है दर्जनों से अधिक सड़के खंडहर में तब्दील हैं सड़क के दोनो साइड की पटरिया समतल हो चुकी है गिट्टी उखाड़ कर लापता हो गई है चलने पर यह पता नहीं चलता कि गड्ढा सड़क में है या फिर सड़क गड्ढे मे फिर भी राहगीर और ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर है इस सड़क पर चलने वाले लोगों की मानें तो कहते हैं कि घर से जब सामान आदि लेने के लिए बाहर सड़कों पर निकला जाता है तो डर बना रहता है कि शाम को घर सही सलामत वापसी होगी या नहीं ग्रामीण कहते हैं सरकारे आती है और जाती है लेकिन बिकास तस का जस ही रहता है चुनाव के समय नेता भी अपनी जुबान से इतना लंबे-लंबे भाषण देते हैं कि कुर्सी पर बैठने के बाद क्षेत्र को इतना चमका देंगे कि जैसे अमेरिका भी पीछे रह जाएगा लेकिन जैसे ही जीत हासिल करके कुर्सी पर बैठते हैं कि मानो सभी वादे एक पल में भूला दिए हो लोगों ने बताया कि ऐसा ही छतोह की हालत हो गई है जबकि आजादी के बाद से पिछले पंचवर्षीय भाजपा स्मृति ईरानी सांसद और बाकी कांग्रेस ही सांसद रहे जो चुनाव टाईम लंबी-लंबी फेकते हैं लेकिन जीत हासिल होने के बाद नजर नहीं आते यही विडंबना क्षेत्र मे विकास के लिए हो जाती है और आज भी बिकास के लिए यहां लोग खून के आंसू रो रहे है फिर भी सभी जिम्मेदार आंख कान बंद कर ऐसी दफ्तर में बैठकर सोते रहते हैं यह अलग बात है कि भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी के प्रयास से सलोन डीह और छतोह इन तीनों ब्लाकों में कई सड़के तो चमक उठी लेकिन अभी भी क्षेत्र में दर्जनों सड़के खंडहर में तब्दील है जो डामरीकरण होने के लिए तरस रही है

# मऊ में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 35 पर सदाबहार जल भराव

**अधिकारी रोज निकलते हैं इसी मार्ग से**

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। मऊ नगर पंचायत चित्रकूट राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 35 पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व भूतपूर्व ब्लॉक प्रमुख नवल मिश्रा के घर के सामने पिछले 1 साल से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है जो समस्या सदाबहार रूप में जानी जाती है। नाले के पानी की निकासी न होने के कारण सड़क पर लगातार पानी भरा रहता है, जिसे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे बनाए गए नाले का पानी बाहर नहीं निकल पाता, जिसके चलते यह सड़क पर जमा हो जाता है। मार्ग पर इस जल भराव के कारण आए दिन राहगीर फिसल कर गिर जाते हैं और घायल हो जाते हैं जिसे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी अर्जुन



निषाद और मोहन साहू ने बताया कि यह समस्या हमेशा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को कई बार नगर पंचायत और संबंधित विभागों को शिकायत पत्र दिए गए लेकिन अभी तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। यह क्षेत्र नगर पंचायत अंतर्गत आता है नगर पंचायत के अधिकारियों ने इस समस्या के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जिम्मेदार ठहराया है ,उनका कहना के नाले का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया गया है और इस समस्या की जिम्मेदारी उसकी ही बनती है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि मैं जल्द मौके का जायज लेकर के उसके समाधान के लिए काम करवाऊंगी लेकिन उनके कहने के बाद अभी तक इस समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं हो सका।

# मुल्क में अमन चैन की दुआ के साथ रोजेदारों ने किया इफ्तार

अमन लेखनी समाचार



चोपन/ सोनभद्र - स्थानीय जामा मस्जिद चोपन में शनिवार को चेयरमैन उस्मान अली के द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें रोजेदारों ने मगरिब के वक्त पहुंचकर रोजा खोला व नमाज अदा किए। रोजा इफ्तारी में सभी के लिए फल, मीठा, सूखे मेवे व शरबते मोहब्बत के साथ दावत का भी इंतजाम किया गया था। वहीं रोजा इफ्तार पार्टी में उस्मान अली ने कहा कि रमजान के पाक महीने में देश में अमन चैन बना रहे सब मिलकर देश की खुशहाली व तरक्की में अपना योगदान करें खुदा सभी के ऊपर अपना करम बनाए रखें ऐसी दुआ खुदा से करें। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जामा मस्जिद में आयोजित इफ्तार पार्टी में लोग शामिल होकर देश की एकता अखंडता एवं आपसी सौहार्द को कायम रखने की दुआ कर रहे हैं। इस अवसर पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना रमजान कादरी व हाफीज शादाब रजा मिस्बाही ने भी रोजा इफ्तार पार्टी के दौरान देश में अमन चैन व आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद , ईदू भाई, डां मुन्ना ,अंजुमन सेक्रेटरी महफूज आरिफ, नसीम खान, रियाज अहमद, भाईजान, इस्तेखार अहमद, एम एम खान, सभासद सलीम कुरैशी, अनीस अहमद, रिजवान अहमद , बरकत अली, भाईजान, शरफराज अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम बंधु मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवकली पर खून व बलगम जांच के लिए लगी अत्याधुनिक मशीन का हुआ शुभारंभ, लोगों को मिलेगा लाभ

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले के सैदपुर तहसील के देवकली ब्लाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवकली पर खून व बलगम की जांच के लिए इंस्टाल की गई अत्याधुनिक मशीन का शुभारंभ किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर मशीन का उद्घाटन किया। डॉ. सिंह ने बताया कि पहले यहां इस प्रकार की जांच सुविधा केंद्र पर उपलब्ध नहीं थी, जिससे लोगों को जिला अस्पताल या सैदपुर जाना पड़ता था, या फिर निजी केंद्रों पर जाकर अधिक धन देकर जांच करानी पड़ती थी। लेकिन अब इस सेलेक्ट्रा मशीन के लग जाने से लोगों को खून की जांच और ट्रूनॉट मशीन से बलगम की निःशुल्क जांच की जा सकेगी। जिससे लोगों को काफी सहूलियत होगी और इससे मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भटकना नहीं पड़ेगा और सभी बॉयो केमिस्ट्री जांचें निःशुल्क की जाएंगी।

# सामूहिक विवाह समारोह मे 12 जोड़ो ने थामा एक दूजे का हाथ

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय(झांसी)।कस्बा गुरसरांय के खेर इंटर कॉलेज मैदान में आज रविवार को 12 कन्याओं का सामूहिक विवाह एवं आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ कार्यक्रम का आयोजन पूर्व गरौठा विधायक बृजेंद्र व्यास (डमडम महाराज) के द्वारा अपनी सुपुत्री डॉक्टर आयुषी लक्ष्य पांडेय के विवाह उपरांत किया गया। नगर से एक साथ 12 दूल्हों की बारात बैंडबाजों के साथ निकली। आयोजन स्थल पर बेटियों के परिजन एवं मेहमानों ने उनकी आगवानी की। इसके बाद विवाह की रस्में शुरू हुईं ।बारातियों की आवभगत और विवाह कार्यक्रम में नगर के लोग पूरे मनोयोग से जुटे रहे। विवाह स्थल पर वरमाला से लेकर फेरों तक पंडाल मंगल गीतों से गुंजायमान रहा। 12 जोड़ों ने विवाह स्थल पर कतार में आकर मंत्रोच्चारण के साथ एक साथ वरमाला पहनाई, फिर मंडप में सभी जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लिए। विवाह महोत्सव में शांतिकुंज हरिद्वार की टीम ने सामूहिक विवाह में सम्मिलित होकर सभी वर-वधुओ को आशीर्वाद दिया ।कार्यक्रम में अयोध्या धाम मणिराम दास छावनी एवं श्री राम जन्मभूमि के अध्यक्ष महंत श्री श्री 1008 नृत्यगोपालदास जी महाराज के परम शिष्य एवं उत्तराधिकारी कमलनयन दास जी महाराज ने कार्यक्रम में वर-वधु को आशीर्वाद दिया। शांति कुंज हरिद्वार की टीम में सतीश चौरसिया, श्रवण कुमार दीक्षित टोली नायक, संगीत की टीम में संतोष तोमर, कुलदीप रविन्द्र आदि सम्मलित रहे। अंत में ब्रजेन्द्र व्यास (डमडम महाराज)ने आभार जताया।

# रमजान व चैत्र रामनवमी के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी द्वारा दुद्धी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आज दिनांक 07.03.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में आगामी रमजान माह एवं चैत्र रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय द्वारा कस्बा दुद्धी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों एवं अन्य सम्भ्रांत नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर त्यौहारों के दौरान आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं पारस्परिक सम्मान बनाए रखने की अपील की गई। क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा उपस्थित लोगों से कहा गया कि सभी लोग मिल-जुलकर त्यौहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट पर ध्यान न दें। यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके बैठक के दौरान शांति व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता तथा त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा की गई।

# डीआईजी मंडल की अध्यक्षता में डीएम एवं एसपी चित्रकूट की उपस्थिति में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस0 की अध्यक्षता में जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। साथ ही साथ समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# जॉन की 'फोर्स 3' में हर्षवर्धन राणे की हुई एंट्री

मुंबई। जॉन अब्राहम की फिल्म 'फोर्स' और 'फोर्स 2' 2011 और 2016 में रिलीज हुई थी। अब निर्माता इसकी तीसरी कड़ी लेकर आ रहे हैं जिसमें हर्षवर्धन राणे भी आधिकारिक तौर पर शामिल हो गए हैं। इस खबर ने उनके फैंस को खुश होने का बड़ा मौका दे दिया है। दिलचस्प बात यह है कि 'फोर्स 3' में अपने होने की पुष्टि हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया पर खुद की है। साथ ही, फिल्म के सेट एक वीडियो भी साझा किया है। हर्षवर्धन ने गुजरात में 'फोर्स 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। इससे पहले, उन्होंने इंस्टाग्राम पर मुहूर्त पूजा का एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह शूटिंग शुरू करने से पहले भगवान का आशीर्वाद लेते।

लाइफ Style



# दिव्या

## 'चिरैया' सीरीज का दमदार ट्रेलर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या दत्ता सिनेमा का वो चेहरा हैं, जो अपने अभिनय के दम पर दिल और दिमाग में छाप छोड़ जाती हैं। फिर वह कुछ ऐसा करते दिखाई देंगी, लेकिन इस बार उन्होंने भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दे को उठाया है।

दिव्या एक ऐसी कहानी ला रही हैं जिसके जरिए समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि 'शादी लाइसेंस नहीं देती' है। उनकी आगामी वेब सीरीज का नाम 'चिरैया' है जिसका दमदार ट्रेलर और रिलीज तारीख जारी हो गई है। 'चिरैया' का ट्रेलर 1 मिनट 43 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत एक आदर्श परिवार से होती है। दिव्या मुख्य किरदार में हैं, और संजय मिश्रा उनके पति की भूमिका निभा रहे हैं।

ट्रेलर के जरिए बताने की कोशिश की गई है कि शादी का मतलब यह नहीं होता कि पति को अपनी पत्नी की सहमति के खिलाफ जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने का हक मिल जाएगा। सीरीज कई साल से चली आ रही समाज की मानसिकता पर सवाल उठाती है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'चिरैया' का निर्माण एसवीएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। दिव्या और संजय के अलावा, सिद्धार्थ शॉ, सरिता जोशी, फैसल राशिद, टीनू आनंद और प्रसन्ना बिष्ट जैसे सितारे सीरीज में अलग-अलग किरदारों के साथ दिखे हैं। सीरीज में कुल 6 एपिसोड हैं जिनका प्रीमियर 20 मार्च, 2026 से जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा।

हॉलीवुड मसाला




# खुद को फिट और फाइन रखते हैं

लॉस एंजिल्स। 'हैरी पॉटर' सीरीज के स्टार डेनियल रेडक्लिफ ने अपनी फिटनेस जर्नी और सेहत के प्रति जुनून के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था कि उनकी लाइफस्टाइल काफी खराब थी, लेकिन अब वह फिटनेस को लेकर बेहद गंभीर हैं। डेनियल रेडक्लिफ ने बताया कि कैसे उन्होंने बुरी आदतों को छोड़कर जिम और हेल्दी रूटीन को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाया। डेनियल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि टीन एज में वह 'पूरे दिन कॉफी और सिगरेट' पर चलते थे।




# 19 साल बाद भारत लौट रहीं पॉप स्टार शकीरा

मुंबई। करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सर्ट्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा। अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी।



# गांव की छोरी बनकर मचाएंगी धमाल

मुंबई। सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म 'पेड्डी' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। 2025 में आई 'गेम चेंजर' की निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, राम की इस फिल्म से लोगों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेड्डी' में जाह्नवी कपूर बतौर मुख्य अभिनेत्री नजर आएंगी। चूंकि 6 मार्च को अभिनेत्री 29 साल की हो गई हैं। इस खास मौके पर फिल्म से उनकी नई झलक जारी की गई है। आगामी 30 अप्रैल को रिलीज हो रही 'पेड्डी' में, जाह्नवी को 'अचियम्मा' के रूप में पेश किया गया है। पोस्टर में वह साहसी, आत्मविश्वासी और ऊर्जा से भरपूर दिखी हैं। सूती कपड़ों के साथ, गोल फ्रेम का चश्मा लगाए उनका लुक गांव की देहाती छोरी जैसा प्रतीत होता है।




# 'एस्पिरेंट्स सीजन-3' का ट्रेलर जारी

मुंबई। द वायरल फीवर की बेहद लोकप्रिय ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' अपने तीसरे सीजन के साथ धमाका करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 6 मार्च को निर्माताओं द्वारा इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके निर्देशन की कमान दीपेश सुमित्रा जगदीश ने संभाली है। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। यह 13 मार्च से भारत समेत दुनियाभर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में एक साथ दस्तक देगी। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' के ट्रेलर में कहानी को नए मोड़ पर पहुंचते हुए दिखाया गया है। सीरीज में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सनी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों के साथ लौटे हैं। वहीं जतिन गोस्वामी को नए चेहरे के रूप में कहानी में शामिल किया गया है।

टीवी मसाला



# 'सरप्राइज, सरप्राइज!' एक बार फिर लौट रहे हैं अमिताभ

मुंबई। देवियों और सज्जनों, मैं, अमिताभ बच्चन, आप सभी का एक बार फिर स्वागत करता हूँ" यह आवाज जल्द ही आपके घरों में गूंजेगी। देश के सबसे पॉपुलर और पसंदीदा क्विज रियलिटी शो, "कौन बनेगा करोड़पति" का 18वां सीजन टेलीविजन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोनी टीवी के शो का एक नया प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें सदी के महानायक, अमिताभ बच्चन अपने पुराने अंदाज में शो की वापसी की घोषणा करते हुए दिख रहे हैं।

## चुलबुले अंदाज में प्रोमो की शुरूआत

प्रोमो की शुरुआत अमिताभ बच्चन के चुलबुले अंदाज से होती है। कैमरे के सामने आकर वह कहते हैं, 'सरप्राइज!" लाल वेलवेट कोट और काली पैंट पहने वह हमेशा की तरह डैपर लग रहे हैं। वीडियो में, बिग बी शीशे के सामने खड़े होकर अपनी बाहें फैलाते हुए कहते हैं, "सरप्राइज!" हालांकि, बीच में वह एक छोटी सी गलती पर मुस्कुराते हुए कहते हैं, "सॉरी, मुझसे गड़बड़ हो गई," और फिर अपना वीडियो जारी रखते हुए केबीसी रजिस्ट्रेशन की घोषणा करते हैं।

## रजिस्ट्रेशन की तारीख का खुलासा

केबीसी के इस नए सीजन का बेसब्री से इंतजार है। फैंस के लिए सबसे बड़ी खबर यह है रजिस्ट्रेशन की तारीख। वीडियो में साफ-साफ बताया गया है कि शो के सवाल और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 9 मार्च से शुरू होंगे। दर्शक सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव ऐप के जरिए हिस्सा ले सकते हैं।


### स्कैम से सावधान रहने की अपील

प्रोमो के आखिर में एक जरूरी डिस्क्लेमर भी दिया गया है, जिसमें कंटेस्टेंट को किसी भी स्कैम या लॉटरी स्कैम का शिकार न होने की चेतावनी दी गई है। चैनल ने साफ किया है कि 'कौन बनेगा करोड़पति' कभी किसी से कोई फीस या चार्ज नही मांगता है।

### फैंस एक्साइटेड हैं

अमिताभ बच्चन और केबीसी का पुराना रिश्ता है। पिछले सीजन के आखिर में जब बिग बी इमोशनल हो गए थे, तो उनकी वापसी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन अब, इस ऑफिशियल प्रोमो ने उन सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। फैंस अपने पसंदीदा होस्ट को फिर से हॉट सीट पर देखने के लिए बेताब हैं। सूत्रों के मुताबिक, नया सीजन जुलाई या अगस्त में आएगा।

# कार्तिक की नई हीरोइन प्रीति मुकुंदन कौन हैं 'नागजिला' से कर रहीं बॉलीवुड में एंट्री



मुंबई। अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अगली रोमांचक फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार चर्चा सिर्फ कार्तिक की नहीं, बल्कि उनके साथ नजर आने वाली अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन की भी हो रही है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद प्रीति अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म के जरिए अपना बॉलीवुड सफर शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, फिल्म के निर्माता प्रीति के चयन से बेहद खुश हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रीति मुकुंदन इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वो फिल्म में एक बड़े मजेदार और कॉमेडी से भरपूर किरदार में नजर आएंगी, जो कहानी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खुद प्रीति भी इस किरदार को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें दर्शकों के सामने अपना एक अलग अंदाज पेश करने का मौका मिल रहा है।

### *कौन हैं प्रीति मुकुंदन?*

*प्रीति एक अभिनेत्री, मॉडल और डांसर हैं, जो अब तक कई तेलुगू, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रीति ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2024 में तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'ओम भीम बुश' से की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'स्टार' के जरिए तमिल सिनेमा में कदम रखा। उधर 'मैंने प्यार किया' उनकी पहली मलयालम फिल्म थी। प्रीति को विष्णु मांचू और अक्षय कुमार अभिनीत तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' में भी देखा गया था।*

# टी-20 विश्व कप के समापन समारोह में आज प्रस्तुति देंगे रिकी मार्टिन, चलाएंगे सुरों का जादू

अहमदाबाद। टी-20 विश्व कप 2026 के समापन समारोह के लिए हर कोई उत्साहित है। यह शाम और ज्यादा रंगीन होगी, क्योंकि पॉप गायक रिकी मार्टिन अपनी लाइव प्रस्तुति से सभी का मन मोहने आएंगे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आधिकारिक पोस्ट साझा करते हुए यह खुशखबरी दी है। परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होंगी।'बता दें, क्रिकेट का यह फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा। रविवार 8 मार्च को होने वाले इस मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

***आईसीसी ने सोशल मीडिया पर किया ऐलान*** : आईसीसी ने रिकी मार्टिन के आगमन की पुष्टि करते हुए लिखा, 'टी-20 विश्व कप का जश्न और भी बड़ा हो गया है! हमें यह ऐलान करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वैश्विक आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल से पहले समापन समारोह में मुख्य कलाकार होंगे। यह एक ऐसा उत्सव है जिसे आप बिल्कुल भी छोड़ना नहीं चाहेंगे!



### जानिए कौन हैं रिकी मार्टिन

दो बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी मार्टिन, लोकप्रिय प्यूर्टो रिकन गायक, गीतकार और एक अभिनेता भी हैं। उन्हें सबसे ज्यादा 'लिविन' ला विडा लोका' के लिए जाना जाता है जो 1999 का लोकप्रिय हिट पॉप गाना है। इसने रिकी को वैश्विक स्तर पर रातों-रात चमका दिया था। उनके अन्य लोकप्रिय गानों में 'द कप ऑफ लाइफ', 'मारिया' और 'शी बैंग्स' शामिल हैं। बतौर अभिनेता उन्हें 'द असासिनेशन ऑफ जियानी वर्साचे' और 'जनरल हॉस्पिटल' जैसी सीरीज में देखा गया है।

## बोलीं- अक्षय कुमार की 'चेली' बनकर रहूंगी

# 'भागम भाग 2' में मीनाक्षी चौधरी की एंट्री पक्की



*मुंबई। साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी अब बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि वो अक्षय कुमार की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म के सीक्वल 'भागम भाग 2' के जरिए हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत करेंगी। मीनाक्षी ने इसे अपने करियर का एक बड़ा मोड़ बताते हुए कहा कि अक्षय जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर उन्हें बिल्कुल सही समय पर मिला है।*

### सही समय पर मिला सही मौका

वैराइटी इंडिया से बातचीत में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ये मौका तब आया, जब मैं बिल्कुल इसी तरह की किसी चीज की तलाश में थी। मैं ऐसी कहानियां ढूंढ रही थी, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सके। मैंने बचपन में इस फिल्म का पहला भाग देखा था और मुझे वो बहुत पसंद आया था, इसलिए इस फिल्म का हिस्सा बनना ऐसा लगता है जैसे ये बिल्कुल सही समय पर मेरे पास आई है।

### मीनाक्षी ने क्यों चुनी ये फिल्म

मीनाक्षी ने आगे कहा, इससे पहले कई प्रोजेक्ट्स मेरे पास आए थे, उनकी कहानियों में मेरी उतनी दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन जब 'भागम भाग 2' मेरे पास आई तो इसमें सिर्फ और सिर्फ हंसी और मनोरंजन का एहसास हुआ। मुझे लगता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप किसी भी भाषा के हों, इस फिल्म की कहानी और इसके किरदार आपसे जरूर जुड़ेंगे। आप चाहे किसी भी भाषा में इसे देखें, आप इसका भरपूर आनंद लेंगे।

### मैं तो सेट पर हाथ जोड़कर खड़ी रहूंगी

अक्षय की कॉमिक टाइमिंग के साथ तालमेल बैठाने के सवाल पर मीनाक्षी बोलीं, मैं सेट पर सबसे बड़ी छात्रा बनकर रहूंगी, जैसे गुरु के पास चेले होते हैं। वो जो कहेंगे, मैं वही सीखने और पालन करने की कोशिश करूंगी। मैं इस सेट पर वही बनने जा रही हूं और उनसे जितना हो सके, उतना सीखने की कोशिश करूंगी। आपको हर दिन किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका नहीं मिलता, जो अपने काम में इतना अद्भुत हो।

### अक्षय के साथ ये कलाकार भी आएंगे नजर

इस सीक्वल की कमान 'ड्रीम गर्ल' के निर्देशक राज शांडिल्य के हाथों में है, जिन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक रिलीज तारीख का खुलासा नहीं किया है। फिल्म में अक्षय के साथ कॉमेडी के बादशाह परेश रावल, मनोज बाजपेयी और अभिनेत्री आयशा खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। ये 2006 की सुपरहिट फिल्म 'भागम भाग' का आधिकारिक सीक्वल है, जिसका प्रशंसक सालों से इंतजार कर रहे थे।